# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


हरिभूमि एक्सक्लूसिव

**हरिभूमि ने सट्टेबाजों के ठिकानों की जांच की, ठिकाने और चेहरे बदले मिले**



100 रुपए में आसानी से मिल रही यह पुड़िया

नई सरकार ने तेवर दिखाए हैं। अफसरों को टाइट किया है। संदेश भी दिया है कि सट्टेबाजों और नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उसका असर दिखा भी है। सट्टेबाज सहमे हुए हैं। उन्होंने काम बंद कर दिया है या अपना ठिकाना बदल लिया है। लेकिन नशे का सामान मुहैया कराने वालों के हौसले बुलंद हैं।

# सरकार बदलते ही सट्टेबाज सहमे, ठिकाने बदले, लेकिन गांजा तस्करों की सप्लाई चालू

ललित राठोड़/लवकुश शुक्ला ▶▶| रायपुर

हरिभूमि ने सट्टेबाज और नशे के तस्करों के ठिकानों की तहकीकात की। रायपुर की गलियों में अब भी गांजा बेचा जा रहा है। पहले की तरह अब भी मोतीबाग, गंज और खमतराई की शराब भट्टी के आसपास समेत पंडरी में सुबह और शाम के वक्त बड़ी आसानी से गांजे की पुड़िया मिल रही।



एक बदलाव यह दिखा कि नई सरकार आने से तस्करों ने गांजा बेचने का समय बदल दिया है। अब दिन में नहीं बेचकर शाम होने के बाद बेचते हैं, ताकि किसी को संदेह न हो और पुलिस की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कार्रवाई करने निर्देश दिया गया है

राजधानी में लगातार नशे के सौदागरों पर कार्रवाई जारी है। सभी थाना प्रभारी को शहर में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिया गया है।

- लखन पटले, एडिशनल एसपी

## पुरानी जगहों पर बेच रहे गांजा

*शहर में 100 रुपए में गांजा बेचा जा रहा है। नई सरकार के आने से भी नशे के कारोबार पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। कुछ ठिकाने जरूर बंद हुए हैं, लेकिन अब भी पुरानी जगहों पर गांजा लोगों को बेचा जा रहा है। गंज शराब भट्टी में लंबे समय से गांजा बेचा रहा है। कार्रवाई के डर से अब शाम के वक्त बेचते हैं। पंडरी ओवर ब्रिज के नीचे सुबह 8 बजे गांजा मिलने की बात कहीं।*

**केस 1**

### मोतीबाग

रिपोर्टर - गांजा चाहिए था मिल जाएगा क्या?
तस्कर- हां, कितने का चाहिए?
रिपोर्टर- एक पुड़िया ही चाहिए। क्या रेट चल रहा है?
तस्कर- 100 है। लेना है तो बताओ।
रिपोर्टर- हां। दे दो।

**केस 2**

### खमतराई तालाब किनारे

रिपोर्टर- गांजा मिल सकता है?
तस्कर- खत्म हो चुका है। अब कल ही मिलेगा?
रिपोर्टर- कब मिलेगा?
तस्कर- सुबह 7 से 9 बजे आ जाना, उस समय ही मिलेगा।
रिपोर्टर- शाम को नहीं मिलेगा?
तस्कर - नहीं मिल पाएगा।

## भाजियों की कीमत भी चार गुना, 20 के स्थान पर कीमत 80 से 100

# यूपी, बिहार, असम लगा रहे छत्तीसगढ़ में महंगाई की आग, सर्दियों में गोभी-मेथी 80 पार

*ठंड के सीजन में जब सब्जियों की कीमत बहुत कम रहती है, इतनी कम कि कई बार किसान फूल गोभी जैसी सब्जियां खुले में फेंक देते हैं। भाजियां दस से बीस रुपए तक में बिकती हैं। लेकिन पहली बार छत्तीसगढ़ में यही सब्जियां चिल्हर में 80 से 100 रुपए तक बिक रही हैं।*






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजियों के साथ कई सब्जियों की कीमत में आग लगने की जब हरिभूमि ने पड़ताल की तो यह बात सामने आई की पहली बार असम जैसे दूर के राज्य के कारोबारी भी यहां से भाजियों के साथ दूसरे सब्जियां खरीदकर अपने राज्य भेज रहे हैं। अन्य राज्यों में बंगाल, उप्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा के कारोबारी यहां से खरीदारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में ठंड का सीजन भाजियों और हरी सब्जियों का रहता है। यहां ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कई सब्जियों के दाम सौ रुपए, असम के व्यापारी कर रहे जमकर खरीदी**



### ये सब्जियां सौ के पार

कई सब्जियों के दाम सौ के पार हो गए हैं। ऐसी सब्जियों में कुदरू जैसी सब्जी इस समय सौ रुपए किलो है। भिंडी 120 रुपए, गंवार फल्ली 100 रुपए, सेमी 80 से 100 रुपए, ढेस 100 से 120 रुपए, फूल गोभी 80 से 100 रुपए किलो है। बैंगन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पहली बार इतनी कीमत

ठंड के सीजन में भाजी और सब्जियों की कीमत बहुत कम रहती है। इतिहास में पहली बार कीमत बहुत ज्यादा हो गई है। रायपुर थोक बाजार में कई राज्यों के कारोबारी अपने राज्य माल ले जा रहे हैं जिससे कीमत बढ़ रही है।

टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष थोक सब्जी व्यापारी संघ

**सीएम के साथ रहे डिप्टी सीएम साव और शर्मा**

# मोदी से मिले साय, पीएम को बताया आपकी गारंटी पर शुरू हो गया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री से की मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 'मोदी की गारंटी' पर त्वरित निर्णय लेकर अमल शुरू किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 4 पर

**इन केंद्रीय मंत्रियों से भी मिले सीएम**



शनिवार को सबसे पहले मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सौजन्य मुलाकात की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और अंत में रात को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात हुई।




# नियम : पद्म अवॉर्ड लौटाने का नहीं होता अधिकार, देने से पहले पूछी जाती है इच्छा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कोई भी पुरस्कार विजेता चाहे तो कारण बताकर अपना पुरस्कार लौटा सकता है, लेकिन अगर बात पद्म विभूषण, पद्म भूषण या पद्म श्री की हो तो इस पुरस्कार को लौटाने का कोई भी प्रावधान नहीं है।

पद्म पुरस्कार को लेकर नियम है कि जब तक कोई ठोस कारण नहीं होता है, तब तक पुरस्कार रद्द नहीं किया जा सकता। यदि राष्ट्रपति द्वारा फैसला किया जाता है कि विजेता का नाम वापस ले लिया जाए, तभी ऐसा होता है। हालांकि, पुरस्कार के नियम में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि यदि राष्ट्रपति किसी का पुरस्कार रद्द करते हैं, तो उनके निर्देश को कैसे रद्द किया जा सकता है।

### पद्म पुरस्कार से जुड़ा ये है नियम

एक बार किसी व्यक्ति को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने के बाद उसका नाम भारत के गजट में प्रकाशित होता है। ऐसे प्राप्तकर्ताओं का एक रजिस्टर बनाए रखा जाता है। एक अधिकारी ने कहा, पुरस्कार विजेता इसे किसी भी हालत में लौटा नहीं सकता। भले ही पुरस्कार विजेता पद्म पुरस्कार लौटाने की पेशकश करे, लेकिन उसका नाम गजट या पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर से नहीं हटाया जाता है।

## राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है फैसला

### पूछकर दिया जाता है पुरस्कार

पद्म पुरस्कार कभी रद्द नहीं किए गए हैं। 2018 में गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया था, 'देश की जांच एजेंसियों की तरफ से व्यक्ति के चरित्र और पृष्ठभूमि का सत्यापन किए जाने के बाद ही पुरस्कार दिए जाते हैं।' सामान्य प्रथा के अनुसार, पुरस्कार की घोषणा से पहले ही संभावित प्राप्तकर्ता की इच्छा अनौपचारिक रूप से पूछी जाती है। कई लोग पूछने पर ही पुरस्कार लेने से इनकार कर देते हैं।




### पूर्व सीएम बादल व ढिंडसा भी ऐसा कर चुके हैं

ज्ञात हो कि पद्म पुरस्कार 'वापसी' से जुड़े सबसे हालिया मामले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस ढिंडसा के थे। उन्होंने 2020 में राष्ट्रपति को लिखा था कि वे तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध कर रहे किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपना पुरस्कार 'वापस' कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बादल और ढिंडसा का नाम अभी भी पद्म पुरस्कार विजेताओं के रजिस्टर में दर्ज है। अब यह मामला बजरंग पूनिया द्वारा किए गए कार्य के कारण सुर्खियों में है।

### कुश्ती संघ चीफ की नियुक्ति के बाद बढ़ा बवाल

दरअसल, बृजभूषण शरण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का प्रमुख नियुक्त किया गया है, जिसके विरोध में पहलवान बजरंग पुनिया ने अपने पुरस्कार की वापसी की घोषणा की है। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे, लेकिन इस बीच पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद विरोध जताने के लिए उन्होंने आवास के पास फुटपाथ पर ही अपना पुरस्कार रख दिया और वहां से चले गए।

## खबर संक्षेप

### वीवो-इंडिया के तीन शीर्ष अधिकारी और गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो-इंडिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जारी धनशोधन के आरोपों की जांच के सिलसिले में कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वीवो-इंडिया के अंतरिम सीईओ होंग शुक्वान उर्फ टेरी, मुख्य वित्त अधिकारी हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है।

### पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने वाला गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर क्रिकेट बैट से हत्या करके भागे व्यक्ति को हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के दो दिन बाद यह सफलता मिली है। आरोपी की पहचान अमित भागड़ी के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने 21 दिसंबर को कासारवडवली इलाके के चॉल में स्थित अपने कमरे में घटना को अंजाम दिया और शहर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी ने क्रिकेट बैट से तीनों की हत्या कर दी थी।''

### चीन में भूकंप से मृतक संख्या 148 हुई



**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में इस सप्ताह की शुरुआत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हो गयी है। भूकंप से गांसू प्रांत सर्वाधिक प्रभावित हुआ है जहां कुल 117 लोगों की मौत हो गई है। यह भूकंप 18 दिसंबर की आधी रात को जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में आया था। यह पिछले नौ सालों में सबसे अधिक भीषण था। अधिकारियों ने बताया कि गांसू प्रांत की सीमा से लगने वाले किंघई प्रांत में भूकंप से 31 लोगों की मौत हो गयी ।

### नकली दवा खरीदी के मामले में एलजी ने दिए सीबीआई जांच के निर्देश

# शराब से परेशान केजरीवाल सरकार अब 300 करोड़ के दवा घोटाले के कारण मुश्किलों में घिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई शराब नीति के कारण मुश्किलों में घिरी केजरीवाल सरकार के सामने एक और परेशानी आ गई है। जहां पहले दिल्ली सरकार को शराब ने मुश्किल में डाल रखा है। वहीं अब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में की गई दवा सप्लाई में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि जो दवा सप्लाई की गई, वह नकली है। जिसके बाद अब सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं इस आदेश के बाद दिल्ली में राजनीति में हलचल पैदा हो गई है।

ज्ञात हो कि मामले के सामने आने के बाद एलजी सतर्कता विभाग ने अपनी रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी है। इसके बाद एलजी सक्सेना ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर मामले की जांच और सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं।

### कपिल मिश्रा ने आरोप लगाया

असल में आरोप हैं कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयां खरीदी थीं, जिसमें काफी नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार हुआ है।जानकारी के मुताबिक बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में अवांछित दवाओं की खरीद में 300 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और दावा किया था कि स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन इस घोटाले में शामिल थे।

### ये पांच ड्रग्स सरकारी और प्राइवेट लैबोरेटरी में फेल हुईं

एमलोडिपाइन, लेवेटिरासीटम, पैंटोप्राजोल, सेफ्लैक्सीन और डेक्सामेथासोन जैसी दवाएं सरकारी और प्राइवेट दोनों लैबोरेटरीज में फेल हो गई है। चंडीगढ़ की एक सरकारी लैब में 11 और सैंपल पेंडिंग पड़े हैं। वहीं, विजिलेंस डिपार्टमेंट का कहना है कि निजी प्रयोगशालाओं में भेजे गए अन्य 43 नमूनों में से 5 नमूने विफल हो गए हैं और 38 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए हैं।

### शराब घोटाले में अभी चल रही है जांच

बता दें, सीबीआई पहले ही दिल्ली शराब घोटाला मामले की जांच कर रही है। इसी मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जेल में हैं। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल में हैं। वहीं सीएम अरविंद केजरीवाल भी मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। ईडी ने उन्हें 3 जनवरी को ईडी ऑफिस बुलाया गया है।







### कटघरे में हेल्थ सेक्रेटरी दीपक कुमार

उधर दिल्ली सरकार पहले ही एलजी से संबंधित अधिकारी दीपक कुमार को हटाने की सिफारिश कर चुकी है। हेल्थ सेक्रेटरी दीपक कुमार पर आरोप है कि उन्होंने ही केजरीवाल सरकार की फरिश्ते योजना रोकी थी। दीपक कुमार के खिलाफ सरकार ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, साथ ही जल्द से जल्द उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### भड़की आप, कहा- दो महीने क्यों नहीं लिया एक्शन

उपराज्यपाल के इस आरोप के बाद आप नेता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पुराने लेटर पोस्ट करते हुए लिखा, सीपीए द्वारा दवाइयों की खरीद डीजीएचएस के अधीन है और विभाग स्वास्थ्य सचिव के पास है। मैंने आज से दो महीने पहले एलजी साब को इन दोनों अफसरों को सस्पेंड करने के लिए कहा था, मगर कुछ नहीं हुआ। अगर इतना भ्रष्टाचार हो रहा है तो एलजी साब और केंद्र सरकार इनको सस्पेंड कर दें। क्यों रखा हुआ है?

## खड़गे से मिले छग के नेता प्रतिपक्ष महंत



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से डॉ. चरण दास महंत ने छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष की नव जिम्मेदारी उपरांत सौजन्य भेंटकर आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा और प्रदेश में सभी को साथ लेकर कांग्रेस के बेहतर भविष्य और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का भरोसा दिलाया है।

## आग ताप रहे परिवार पर गोली बरसाई 2 की मौत, 16 लोगों पर 'आर्म्स एक्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बीना

आगासौद थाना अंतर्गत ग्राम शेखपुर में पुरानी पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें गोली लगने से 2 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 5 घायल हुए है। गंभीर रूप से घायल 2 सगे भाइयों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सागर रेफर किया गया है। पुलिस ने 16 आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 147, 148, 149 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं 4 महिला सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने गार्ड की तैनाती की गई है।

# भारत आ रहे जहाज पर हिंद महासागर में ड्रोन अटैक, 20 भारतीय क्रू मेंबर सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिंद महासागर में सऊदी से भारत आ रहे एक ऑयल वैसेल एमवी केम प्लूटो पर शनिवार को ड्रोन से हमला हुआ। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस जहाज पर 20 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं। यह जानकारी मिलने के बाद नौसेना अलर्ट पर है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय नौसेना के पी-8I सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने एमवी केम प्लूटो के साथ कम्युनिकेशन स्थापित किया है। ड्रोन हमले की खबर सामने आने के फौरन बाद पी-8I सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने गोवा स्थित आईएनएस हंसा नौसैनिक हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

भारतीय नौसेना के वॉरशिप और भारतीय कोस्ट गार्ड के पैट्रोलिंग वैसेल आईसीजीएस विक्रम को भी उस जगह के लिए रवाना कर दिया है, जहां हमला हुआ है।

### भारतीय नौसेना पहुंची घटनास्थल



### जहाज भारत के पोरबंदर से 200 समुद्री मील दूर था

आग से जहाज के काम करने की कैपेसिटी पर असर पड़ा है। ब्रिटिश मिलिट्री के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने बताया कि जहाज भारत के पोरबंदर कोस्ट से करीब 200 समुद्री मील की दूरी पर था। हालांकि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन से दूर था। फिलहाल किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जहाज से आखिरी बार सऊदी अरब संपर्क किया गया था।

### सऊदी अरब से मेंगलुरु जा रहा था

जहाज सऊदी अरब से मेंगलुरु जा रहा था। इसमें क्रूड ऑयल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन जहाज पर आग लग गई। इस आग पर काबू पा लिया गया है। लाइबेरिया के झंडे वाला यह जहाज इजराइल से संबंधित बताया जा रहा है। जिस जहाज पर हमला हुआ, उसका नाम एमवी केम प्लूटो है। फिलहाल किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### आजम खान, पत्नी व बेटे की अपील खारिज

**रामपुर।** रामपुर की एक विशेष अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे को जन्म प्रमाण पत्र मामले में अधीनस्थ अदालत द्वारा सात-सात वर्ष की कैद सजा सुनाये जाने के फैसले को उचित ठहराते हुए उसके विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया।

ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (सांसद-विधायक अदालत) विजय कुमार ने रामपुर की अधीनस्थ एमपी-एमएलए अदालत द्वारा सुनाये गये फैसले को जायज ठहराते हुए आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे की अपील को खारिज कर दिया। रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत के मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को 18 अक्टूबर, 2023 को सात साल की कैद सजा सुनायी थी और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था।







# मुस्लिम देशों से फंड जुटाने वाले पीएफआई के पांच गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पीएफआई से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी प्रतिबंधित संगठन में अलग-अलग ओहदों पर थे, जो विदेश के हवाला के जरिए आए करोड़ों रुपए का इस्तेमाल देशविरोधी गतिविधियों में कर रहे थे। इन सभी की पहचान ईएम अब्दुल रहमान, अनीस अहमद, अफसर पाशा, एएस इस्माइल और मोहम्मद शक्रफ़ि के रूप में हुई है। साल 2018 में 2 मई को दर्ज की गई रिपोर्ट में सभी पांच आरोपियों से ईडी ने दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाल ही में 19 दिसंबर को पूछताछ की थी।

■ संगठन के अलग-अलग बैंक अकाउंट, डिजिटल एविडेंस और अन्य दस्तावेज जब्त

### सभी के पास थी साइनिंग अथॉरिटी

बताया गया कि पूछताछ 3 दिसंबर 2020 को पीएफआई के ठिकानों पर रेड के दौरान बरामद संगठन के अलग-अलग बैंक अकाउंट डिटेल्स के आधार पर की गई। सभी आरोपी संगठन के अलग-अलग शहरों में मौजूद बैंक अकाउंट के साइनिंग अथॉरिटी थे। इन सभी से बैंक अकाउंट्स में आए करोड़ों रुपए की मनी ट्रेल के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब न देने और तथ्य छिपाने के आरोप में इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।




सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## खाई में तब्दील खदानें



**राजनांदगांव।** अविभाजित राजनांदगांव जिले में मुरूम, रेत और गिट्टी के अवैध उत्खनन को खनिज महकमे ने खुली छूट दे रखी है। हालात यह है कि अवैध कारोबार में नेताओं की सीधी दखल होने के कारण प्रशासन भी शिकायतों को नजर अंदाज कर ▶▶| शेष पेज 4 पर



**प्रतिबंध के बाद रेत-चूना पत्थर व मुरुम की खदानों में उत्खनन जारी**

# तस्करों का ऐसा खौफ... जहां खुदाई वहां डर के मारे नहीं जा पा रहे अफसर, सड़क पर पकड़ रहे गाड़ियां

**रायपुर-लक्ष्मण लेखवानी/ जगदलपुर-अनिल सामंत/ राजनांदगांव-नितिन राजपूत/ अंडा-संजय साहू/ धमतरी-दिलीप देवांगन/ बिलासपुर विकास चौबे**

पिछले कुछ दिनों से जिले में खनिज विभाग सक्रिय होकर अवैध परिवहन और उत्खनन के मामलों में लगातार कार्रवाई कर रहा है लेकिन सवाल उन घाटों को बंद करने को लेकर है जहां से रेत निकालने की अनुमति ही नहीं है। रायपुर और बिलासपुर में करीब दो दर्जन रेत घाट ▶▶| शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि लाइव**

**रेत माफिया हावी, 2500 रुपए तक ट्रैक्टर और 20 हजार प्रति हाइवा**

### रायगढ़ ज़िले में अवैध खनन जारी

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा में कुरकुट नदी में बेतहाशा अवैध खनन हो रहा है। इस क्षेत्र में बहियामुड़ा, कारीछापर, कंचनपुर, बारौद आदि इलाकों में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### हर दिन करेंगे कार्रवाई

बेलगहना, खैराडंगनिया, पोंड़ी, घुटकू, खोंगसरा, दर्रीघाट में गाड़ियां जब्त की गई है। अमला हर दिन कार्रवाई करने जा रहा है।
**- अनिल साहू,** सहायक खनिज अधिकारी

### रायपुर जिले में दो सौ खदानें, मुरुम को मिली अनुमति

रायपुर जिले में रेत, चूना पत्थर, मुरुम की लगभग दो सौ खदानें है। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि मुरुम की खदानों को अनुमति मिल चुकी है। रेत और चूना पत्थर की खदानों को अभी नहीं मिल पाई है। उन्होंने बताया कि अवैध परिवहन एवं खदानों दोनों की जांच की जा रही है, जिसके अनुसार कार्रवाई भी की जा रही है।

### बस्तर में भी नहीं थम रहा खनिजों का अवैध कारोबार

बस्तर जिले में भी खनिज खदानों में अवैध रूप से कारोबार धड़ल्ले से जारी है। प्रशासन का रेत माफियाओं पर नियंत्रण नही है। जिस रेत को साल-दो साल पहले 3 से 5 हजार की दर से एक टिप्पर याने 400 फीट आसानी से मिल जाता था अब वह 7 से 8 हजार रुपये 400 फीट और 600 फीट 10 हजार में बालू माफिया अवैध रूप से बिक्री कर रहे है। यही हाल गिट्टी का भी है। इस सम्बंध में खनिज मामलों के जानकार सुरेश गुप्ता का कहना है कि पूर्ववती सरकार के गलत नीतियों के चलते प्रदेश में रेत माफिया की मनमानी चली। खनिकर्म पट्टा लीज अथवा रॉयल्टी को नियमतः लागू करने कोई प्रयास नही किया गया। खनिज माफियाओं के अवैध उत्खनन और परिवहन के बाद ग्रीन ट्रिब्युनल के दखल के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पिछले कुछ माह से रेत कारोबार पर रोक लगी रही।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईडी के समक्ष पेश हुए चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है। ईडी ने लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम (52) का धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज किया।

### घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर



**जम्मू।** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों नेघुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। जम्मू में अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षाबलों ने भारतीय क्षेत्र की ओर घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा।

### बिहार में ओवैसी की पार्टी के नेता की हत्या

**सीवान।** राजनीतिक सरगर्मी के बीच शनिवार की रात एआईएमआईएम के सीवान जिलाध्यक्ष आरिफ जमाल पर अपराधियों ने अंधाधुंध गोली बरसा दी। बाइक सवार अपराधियों की फायरिंग में जमाल की मौत हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया था, लेकिन पहले ही मौत हो गई। कुतुब छपरा के तकिया गांव के निवासी आरिफ जमाल की गांव में ही फ़ास्ट फूड की दुकान है।

### हीटर से आग में जिंदा जल गए पिता-पुत्री



**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में एक मकान के कमरे में हीटर से लगी आग के कारण एक व्यक्ति और उसकी तीन महीने की बेटी की आग में जिंदा झुलसकर मौत हो गई। घटना में उसकी पत्नी घायल हो गई। हीटर से रजाई में आग लग गई और दीपक यादव और उनकी तीन माह की बेटी निशिका जिंदा झुलसकर मारे गए।

### 40 लाख का गुटखा जब्त, युवक गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 40 लाख रुपये का गुटखा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। महाराष्ट्र में गुटखे का निर्माण और बिक्री दोनों प्रतिबंधित है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को गणेशपुरी थाना क्षेत्र में एक टेम्पो को रोका और भारी मात्रा में गुटखा बरामद किया।

### कांग्रेस के पूर्व विधायकों के सवालों पर निरूत्तर हो गए पीसीसी अध्यक्ष

# पूर्व विधायकों का निकला गुबार, बोले- हमारी टिकट नहीं काटते तो न होती ऐसी हार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

पूर्व विधायकों ने कहा कि एआईसीसी के सर्वे को बीच में रोककर प्रदेश प्रभारी और अन्य प्रभारियों ने सही स्थिति सामने नहीं आने दी, इसका परिणाम चुनाव में पार्टी की हार के रूप में सामने आया। आज की बैठक में प्रदेश प्रभारी सैलजा और सह प्रभारी जांगिड़ को उपस्थित होना था, पर वे नहीं आए।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दोपहर 2 बजे जिन 22 विधायकों का टिकट कटा था, उनकी बैठक बुलाई गई थी। उनमें से 14 विधायक बैठक में पहुंचे। सभी विधायकों ने एक-एक कर अपने यहां चुनाव हारने और टिकट के लिए सर्वे के बहाने मौका नहीं दिए जाने को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की। पार्टी की हार की समीक्षा के दौरान विधायकों ने अपने साथ हुए बर्ताव को लेकर भी उन सभी बातों को कहा, जो उनके दिल में था। हार को लेकर उनके आंसू भी छलके। कांग्रेस के पूर्व विधायकों की बैठक में सर्वे रिपोर्ट को गलत ठहराते हुए कहा, अगर टिकट नहीं कटा होता, तो फिर सरकार बनती। उनके क्षेत्र में चुनाव के दौरान उनकी उपेक्षा भी हार का कारण बनी। कुछ जगहों पर पार्टी को जीत मिली, लेकिन वैसा माहौल पार्टी संगठन में नहीं रहा। पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन को मजबूत करना है, इसके लिए अभी तैयारी शुरू करें।

**खास खबर**



*विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिन विधायकों का टिकट कटा था, उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पर अपना गुस्सा उतारते हुए पार्टी के सर्वे पर ही सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर इतने लोगों का टिकट नहीं कटा होता, तो परिणाम कुछ और होते। उन्होंने अपनी शिकायतों और तर्कपूर्ण बातों से पीसीसी अध्यक्ष को निरूत्तर कर दिया।*

### विधायकों ने गिनाए कई कारण

बैठक के बाद चंद्रदेव राय ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, इतनी संख्या में टिकट नहीं कटा होता, तो सरकार बन जाती। कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी ने कहा कि अपने दिल में जो गुबार था, वह बैठक में निकला। सभी ने अपने अपने तरीके से पार्टी के फैसलों पर सवाल उठाए। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा, बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए सभी को जुटने कहा गया।

### बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह, चक्रधर प्रसाद सिदार, मोहित केरकेट्टा, विनोद चंद्राकर, चंद्रदेव प्रसाद राय, शकुंतला साहू, अनिता शर्मा, लक्ष्मी ध्रुव, गुरुदयाल सिंह बंजारे, ममता चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह बघेल, छन्नी साहू, शिशुपाल सोरी, रेखचंद जैन मौजूद थे।

### जायसवाल और बृहस्पत नहीं आए

पीसीसी की बैठक में पूर्व विधायकों का दल दिल्ली जाकर पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिला था। उन्होंने सभी से वन-टू-वन चर्चा का आश्वासन दिया, पर अब तक यह नहीं हुई। विनय जायसवाल ने कहा कि आज की बैठक की जानकारी हमें नहीं है, इसलिए हम नहीं आए। वहीं बृहस्पत सिंह भी आज की बैठक में नहीं आए। अंतागढ़ के पूर्व विधायक अनूप नाग कांग्रेस भवन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में हिस्सा लिया, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हुए।

## सैलजा उत्तराखंड, सचिन होंगे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पायलट





- विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस संगठन में फेरबदल

विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी पद पर सचिन पायलट को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने नियुक्त किया है। विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस संगठन में फेरबदल किया है।

केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी बदले गए हैं। एआईसीसी ने जिन महासचिवों को राज्यों के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है, उनमें एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के बाद वहां के प्रभारियों को हटा दिया है। उनकी जगह नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रभारी कुमारी सैलजा के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दिसंबर 2022 में हुई थी नियुक्त

कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ में पीएल पुनिया का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद दिसंबर 2022 में प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया था। एक साल के कार्यकाल के बाद ही उन्हें प्रभारी पद से हटा दिया गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों में नाराजगी को देखते हुए लोकसभा चुनाव से पहले ही नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### पायलट को बनाया महासचिव


एआईसीसी ने सचिन पायलट को महासचिव बनाने के साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी की भी जिम्मेदारी दी है। वहीं रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र, अजय माकन को गुजरात, रणदीप सिंह सुरजेवाला को मध्यप्रदेश से हटाकर कर्नाटक, कुमारी सैलजा को उत्तराखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह अविनाश पांडेय को ये जिम्मेदारी दी गई है।

# डेफलंपिक्स चैंपियन वीरेंद्र भी लौटाएंगे अपना पद्मश्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

डेफलंपिक्स के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में देश के शीर्ष पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए सरकार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया है। गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान वापस लौटा देंगे। पूर्व डब्लूएफआई प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरों में शामिल ▶▶| शेष पेज 4 पर

### संजय के डब्लूएफआई अध्यक्ष बनने के विरोध में किया फैसला



### सचिन-नीरज दिखाएं एकजुटता

वीरेंद्र ने ट्विटर पर लिखा, 'मैं भी अपनी बहन और देश की बेटी के लिए पद्मश्री सम्मान लौटाऊंगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मुझे आपकी बेटी और मेरी बहन साक्षी मलिक पर गर्व है।'

### टिप्पणी से खेल मंत्री का इनकार

**बेंगलुरु।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर चुने जाने के विरोध में पहलवान बजरंग पूनिया द्वारा अपना पद्मश्री लौटाने के विवाद पर शनिवार को यहां कुछ कहने से इनकार कर दिया।

**देश में कोरोना**

# 24 घंटे में 752 केस चार मरीजों की मौत



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। देश में 21 मई के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं। अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की संख्या 4.50 करोड़ है।

### 41 देशों में फैला जेएन.1 वैरिएंट

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोरोना का नया जेएन.1 वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में जेएन.1 के मामले सबसे ज्यादा हैं। भारत में 22 दिसंबर तक नए वैरिएंट के 23 मामले मिले हैं। सभी केसेस हल्के लक्षण के हैं।




### देश के साथ पीएम मोदी के लिए लाभकारी होगा सूक्ष्म मुहूर्त

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का मुहूर्त


**एजेंसी ▶▶| अयोध्या**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 84 सेकंड के सूक्ष्म मुहूर्त में होगी। पंच बाण से मुक्त ये मुहूर्त भारत के लिए संजीवनी का काम करेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के विश्वगुरु बनने की राह को प्रशस्त करेगी।

ग्रहों की अनुकूलता प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को संपूर्ण भारत के लिए कल्याणकारी बना रहा है। ये मुहूर्त देश के साथ ही इस प्राण प्रतिष्ठा के यजमान पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी लाभकारी है। राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर से 5 मुहूर्त प्रस्तावित किए गए थे।

### ये है मुहूर्त

काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और राममंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त निकालने वाले पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है। ये दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक 84 सेकंड का है।



**रामजी के राज्य में होगी वृद्धि :** गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के परीक्षाधिकारी मंत्री पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी अर्थात नीति के अनुसार शासन कार्य चलेगा। पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि रामजी का जन्मनक्षत्र पुनर्वसु है। इससे गणना करने पर तृतीय पर्यय में रोहिणी नक्षत्र रामजी को वधतारा पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में कोई दोष नहीं है।

### काशी से ही अयोध्या जाएगी हवन सामग्री

रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के कर्मकांड की पूरी जिम्मेदारी काशी के वैदिक ब्राह्मणों पर है। काशी से ही हवन, पूजन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सामग्री अयोध्या जाएगी। 26 दिसंबर को काशी के ब्राह्मणों का पहला जत्था रवाना होगा। इसके साथ ही यज्ञ कुंड व पूजन मंडप का कार्य भी आरंभ हो जाएगा। पं. अरुण दीक्षित ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा मुहूर्त को भव्य बनाने के लिए कोई भी पूजा छूट न जाए, इसलिए ग्रंथों के अध्ययन के साथ ही विद्वानों से संपर्क किया जा रहा है।

**संसद के शीतकालीन सत्र का सत्रावसान हो गया है, लेकिन इस सत्र के दौरान घटित 'कृत्य' ने कई सवाल छोड़ गए हैं। इस सत्र के दौरान संसद पर हमले की बरसी के दिन धुआं कांड हुआ, जिससे संसद की सुरक्षा पर सवाल उठे। स्मोक बम के अलावा अगर सच में कोई विस्फोटक होता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। खैर, आरोपी गिरफ्तार हैं व जांच जारी है। धुआं कांड को विपक्ष ने इस कदर मुद्दा बनाया और संसद में हंगामा किया कि संसद की कार्यवाही चलानी मुश्किल होती गई। विपक्षी सांसदों ने गृहमंत्री से बयान व इस्तीफे की मांग को लेकर संसद की शांति को भंग किया और आसन का अपमान किया। इसके बाद लोकसभा व राज्यसभा से दो दिन में 132 से अधिक सांसद निलंबित किए गए। इससे पहले भी 14 सांसद निलंबित किए गए थे। इस सत्र के दौरान कुल 146 विपक्षी सांसद सस्पेंड हो गए, जो किसी एक सत्र के दौरान निलंबन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके बाद से विपक्ष सरकार पर हमलावर है। इस विषय पर पेश है आजकल...**




# संसद की गरिमा से खिलवाड़ अस्वीकार्य



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**विपक्ष की प्रभावी मौजूदगी के बिना संसद 'विकलांग' लगती है। चुनावी जनादेश सभी निर्वाचित सांसदों ने हासिल किए थे। वे अपने क्षेत्र की जनता के प्रतिनिधि हैं। यदि उन्हें ही लंबे समय के लिए संसद से बाहर निकाल देंगे, तो जनता से प्रतिनिधित्व का अधिकार छीनने जैसा है। एक सांसद औसतन 15 लाख लोगों का जन-प्रतिनिधि होता है। सदन में विरोध-प्रदर्शन करना या अवरोध पैदा करना भी लोकतंत्र का हिस्सा है। यह नेता विपक्ष रहे अरुण जेटली और सुषमा स्वराज अक्सर कहा करते थे। आज दोनों दिवंगत हैं, लेकिन विपक्ष उनके कथनों को आज भी उद्धृत करता है। दोनों सदनों से 146 सांसद बाहर निकाल दिए गए, तो सदन खाली, विपक्ष-मुक्त लग रहे थे। यह अधूरा संसदीय लोकतंत्र है।**

नया संसद भवन और नया, अभूतपूर्व आदेश...एक ही दिन में, एक साथ, लोकसभा और राज्यसभा के 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। उससे पहले 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका था। इस तरह संसद के शीतकालीन सत्र में ही कुल 92 विपक्षी सांसदों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। यदि सिलसिला यहीं थम जाता, तो गनीमत होती, लेकिन अगले ही दिन 49 सांसदों की बारी आई, जिन्हें निलंबित किया गया। इस तरह कुल मिला कर लोकसभा के 100 और राज्यसभा के 46, यानी 146, सांसदों को सत्र भर के लिए निलंबित किया गया। बेशक लोकसभा के स्पीकर और राज्यसभा के सभापति को कुछ विशेषाधिकार हासिल हैं। मैं 1997 से लोकसभा कवर करता रहा हूं। सदन में हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी और अध्यक्ष के आसन तक जाने का विरोध-प्रदर्शन कब नहीं किए गए? जब भाजपा विपक्ष में थी, तो कई घोटालों पर, कई दिन तक, संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी थी। हंगामे इतने उग्र और बुलंद होते थे कि मीडिया में ऐसे संपादकीय छपा करते थे-संसद को अखाड़ा मत बनाएं। यह संसद है या कोई मंडी...! संसद का औचित्य ही क्या है, लेकिन ऐसे अतिवादी आदेश कभी नहीं दिए गए कि विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए ही निलंबित कर दिया गया हो। जैसा इस बार हुआ है।



1989 में केंद्र में राजीव गांधी की सरकार थी। तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर ठक्कर आयोग की रपट पर विपक्ष ने हंगामा मचाया था, तो पीठासीन अध्यक्ष ने 63 लोकसभा सांसदों को निलंबित किया था, लेकिन कुछ ही दिनों में सभी सांसद सदन में दिखाई दे रहे थे। सांसदों का निलंबन अनुचित जरूर है, लेकिन निलंबित सांसदों को भी अपने गिरेबान में झांकना होगा कि वे अपने आचरण के पैमाने पर कहां टिकते हैं? लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति को निष्पक्षता से दायित्व निभाना चाहिए।

## सबसे ज्यादा सांसद निलंबित

1989 में केंद्र में राजीव गांधी की सरकार थी। तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर ठक्कर आयोग की रपट पर विपक्ष ने हंगामा मचाया था, तो पीठासीन अध्यक्ष ने 63 लोकसभा सांसदों को निलंबित किया था। वह भी पराकाष्ठा थी, लेकिन कुछ ही दिनों में सभी सांसद सदन में दिखाई दे रहे थे। उसके बाद 2004-मई, 2014 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के 10 सालों में भी 50 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, लेकिन 2014-23 के कालखंड में मोदी सरकार के दौरान करीब 250 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया जा चुका है। शीतकालीन सत्र ही मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र था। उसके बाद बजट सत्र जरूर होगा, लेकिन लेखानुदान पारित करने के लिए ही होगा, ताकि सरकारी खर्च के लिए वित्तीय संसाधन मिलते रहें। संपूर्ण बजट जुलाई, 2024 में नई सरकार पेश करेगी। बेशक विपक्ष ने अमर्यादित आचरण किए थे। हंगामा ही नहीं, आक्रोश और गुस्से में, राज्यसभा में, नियमों की किताब तक फाड़ दी गई। आसन के माइक उखाड़ने तक की हरकतें की गईं। मेजों पर चढ़कर सांसदों ने नृत्य किए, हुड़दंग मचाए। इस तरह नियम 374ए का लगातार उल्लंघन होता रहा। यहां तक कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति जगदीप धनखड़ का निर्देश मानने से इनकार कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता, एक किस्म के नेता प्रतिपक्ष, अधीर रंजन चौधरी तक को निलंबित कर दिया गया। क्या निलंबन भी एक राजनीतिक मुद्दा बनाया गया? अथवा कई विपक्षी उन्हें निलंबित कर बाहर भेजने के आग्रह भी कर रहे थे? ऐसा संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी का आरोप है कि खुद विपक्षी निलंबित होकर बाहर जाने के इच्छुक थे।

## दमदार विपक्ष जरूरी

दरअसल मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं, लेकिन संसद और लोकतंत्र का सजग प्रहरी जरूर हूं। विपक्ष की प्रभावी मौजूदगी के बिना संसद 'विकलांग' लगती है। चुनावी जनादेश सभी निर्वाचित सांसदों ने हासिल किए थे। वे अपने क्षेत्र की जनता के प्रतिनिधि हैं। यदि उन्हें ही लंबे समय के लिए संसद से बाहर निकाल देंगे, तो जनता से प्रतिनिधित्व का अधिकार छीनने जैसा है। एक सांसद औसतन 15 लाख लोगों का जन-प्रतिनिधि होता है। सदन में विरोध-प्रदर्शन करना या अवरोध पैदा करना भी लोकतंत्र का हिस्सा है। यह नेता विपक्ष रहे अरुण जेटली और सुषमा स्वराज अक्सर कहा करते थे। आज दोनों दिवंगत हैं, लेकिन विपक्ष उनके कथनों को आज भी उद्धृत करता है। दोनों सदनों से 146 सांसद बाहर निकाल दिए गए, तो सदन खाली-खाली, विपक्ष-मुक्त लग रहे थे। यह अधूरा संसदीय लोकतंत्र है। हंगामी सांसदों को कुछ देर के लिए, बेशक एक दिन के लिए, निलंबित कर सदन से बाहर किया जा सकता था। सत्र समापन की ओर था, जब यह कार्रवाई की गई। ध्वनि-मत से तीन आपराधिक कानून पारित किए गए,जबकि ये संशोधन ऐतिहासिक हैं। आईपीसी, सीआरपीसी सरीखे ब्रिटिशकाल के कानूनों को खत्म किया गया है और नई 'न्याय प्रणाली' बनाई गई है, लेकिन विपक्ष इन संशोधन-कानूनों की बहस में हिस्सा नहीं ले सका, यह संसदीय विडंबना से कम नहीं है। हमारे संविधान और लोकतंत्र में 'विपक्ष-मुक्त' संसद की कोई भी कल्पना नहीं है।

## बेमानी तर्क

चूंकि लोकसभा में दो युवकों ने 'दर्शक-दीर्घा' से छलांग लगाकर संसद की कार्यवाही में घुसपैठ की थी, लिहाजा विपक्ष की यह मांग जायज थी कि गृह मंत्री अमित शाह सदन में वक्तव्य दें। यह तर्क बेमानी है कि संसद परिसर लोकसभा के स्पीकर के अधीन काम करता है, लिहाजा स्पीकर ही बयान देंगे। वह जो कुछ कह सकते हैं, उन्होंने कहा और लोकसभा में विभिन्न दलों के नेताओं से विमर्श भी किया, लेकिन देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रभारी गृह मंत्री ही होते हैं। उन पर समूचे देश का दायित्व है, जिसमें संसद परिसर भी शामिल है। यदि गृह मंत्री लोकसभा में बयान देते, तो उनसे सुरक्षा-व्यवस्था पर कुछ सवाल भी किए जा सकते थे। मसलन-नये संसद भवन में प्रवेश को तीन माह बीत चुके है, लेकिन संसदीय सुरक्षा के प्रभारी, आईपीएस अधिकारी, संयुक्त सचिव की नियुक्ति क्यों नहीं की गई? संसद परिसर की 4-परतीय जांच धातु पर ही आधारित है। उसके रडार पर जूते,प्लास्टिक, रबड़ की वस्तुएं नहीं आतीं। हवाई अड्डे की सुरक्षा-जांच में सब कुछ सामने आ जाता है, तो संसद परिसर में क्या दिक्कत है? अब बताया जा रहा है कि फुल बॉडी स्कैनर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें व्यक्ति की आदमकद छाया आईने की तरह साफ़ दिखाई देगी। कुछ पुराने सुरक्षा-उपकरणों को भी बदला जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज सांसद का सिफारिशी पत्र होता है, जिसके आधार पर किसी को भी संसद की 'दर्शक-दीर्घा' में प्रवेश की अनुमति मिलती है। सांसदों के लिए भी आचार-संहिता तय की जानी चाहिए। विपक्ष ने संसद की सुरक्षा में ऐसी आक्रामक घुसपैठ पर ही अपनी चिन्ता और अपने सरोकार जताए थे। हालांकि विपक्ष गृह मंत्री का इस्तीफा भी मांग रहा था। संसद सत्र का समापन हो गया, लेकिन गृह मंत्री ने इस संबंध में कोई बयान तक नहीं दिया। जांच-रपट की प्रतीक्षा की जा रही है। न जाने रपट कब तक आएगी? तीन महीने बाद तो आम चुनाव हैं।

## विपक्ष की कोशिश

सांसदों के निलंबन पर विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन ने जंतर-मंतर पर और देश के प्रमुख शहरों में विरोध-प्रदर्शन किए हैं। वे इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना चाहते हैं, लिहाजा निलंबन को 'लोकतंत्र की हत्या' तक करार दे रहे हैं। विपक्ष ने एक भद्दी राजनीति भी की है, जब संसद के परिसर में ही, संसद के प्रवेश द्वार पर बैठ कर निलंबित सांसदों ने उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की 'मिमिक्री' की, मज़ाक उड़ाया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने उप राष्ट्रपति की भाव-भंगिमाओं की नकल की और अन्य सांसद ठहाके लगाते रहे। संसद परिसर में सांसदों का यह व्यवहार अक्षम्य है। उप राष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। प्रथम दोनों संवैधानिक पदों पर आसीन चेहरे का कॉर्टून बनाना भी गलत है। यह संविधान और लोकतंत्र दोनों का अपमान है।

## संस्कारों पर सवाल

संसद परिसर किसी विदूषक, कॉमेडियन, जोकर या नकलची का मंच नहीं है। निलंबित सांसदों को विरोध-प्रदर्शन करना था, तो वे 'विजय चौक' अथवा 'राष्ट्रपति भवन' तक पहले भी मार्च निकाल सकते थे। क्या संसद में सांसदों के इतने उथले और आपत्तिजनक संस्कार होने चाहिए? उप राष्ट्रपति का ऐसा अपमान संसद परिसर में मैंने कमोबेश नहीं देखा, लेकिन इसे जाट और किसान से जोड़ना इस पद की गरिमा को कम करना होगा। निलंबित सांसद सभापति और स्पीकर के फैसलों से असहमत और असंतुष्ट हो सकते हैं, लेकिन संवैधानिक गरिमा से खिलवाड़ करना अस्वीकार्य है। संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाना सत्ता पक्ष का दायित्व है, लेकिन उसमें विपक्षी सांसदों का भी सहयोग अपेक्षित है। विपक्षी सांसद विरोध के लिए विरोध भाव से वशीभूत होकर संसद में अव्यवस्था नहीं फैला सकते। आसन के पास जाकर हुड़दंग मचाना, माइक तोड़ना, तख्ती लहराना, वेल में हंगामा करना, भाषण के दौरान हूटिंग व नारेबाजी करना आदि अशोभनीय आचरण सांसद के नहीं होने चाहिए। क्या हमारे सांसद अपने ही कार्यस्थल की गरिमा का ध्यान नहीं रख सकते। क्या शांति से अपने स्थान से अपनी बात नहीं रखी जा सकती है? विपक्षी सांसद अपने आचरण से आवाम को क्या संदेश दे रहे हैं? सांसद सदन को अखाड़ा न बनाएं, इसे संसद ही रहने दें। सांसदों का निलंबन अनुचित जरूर है, लेकिन निलंबित सांसदों को भी अपने गिरेबान में झांकना होगा कि वे अपने आचरण के पैमाने पर कहां टिकते हैं? लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति को राजनीतिक निष्ठा से ऊपर उठकर निष्पक्षता से सदन को चलाने का दायित्व निभाना चाहिए। पक्ष, विपक्ष व निष्पक्ष सभी अपने दायित्वों को समझें और संसद की प्रतिष्ठा कायम रखने में सहयोग करें।

# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं



जिरहनामा
कुमार प्रशांत
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़नी था। देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है; संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है। संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है। वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष-विपक्ष दोनों है। विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने, लेकिन जो और जितने जीत कर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है। लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बनकर रहेगा, लेकिन हम यह नया भारत देख रहे हैं। इसमें भारत कहां है यह भी खोजना पड़ता है, इस नए भारत की संसद में विपक्ष कहां है, यह भी खोजना पड़ता है। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में हम अपने अस्तित्व की ऐसी शानदार जगह पर आ पहुंचे हैं जहां से वह हर कुछ खोजना पड़ रहा है, जिसकी दावेदारी तो बहुत हो रही है लेकिन दिखाई कुछ भी नहीं देता है।

## पहली बार नहीं

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि विपक्ष ने संसद चलने में इतनी बाधा पैदा की कि उन्हें दंडित करना पड़ा। 60 के दशक से पहले अध्यक्ष की अपील व झिड़की काफी होती थी कि संसद के कामकाज में बाधा डालने वाला रास्ते पर आ जाता था। 60 के दशक में विपक्ष ने भी अपने अधिकारों की मांग शुरू की। उसका स्वर तीखा होता गया। 70 के दशक में कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के मनमाने रवैये के सामने गूंगे रह कर विपक्ष को संसद से बाहर कर दिया था, लेकिन वह आपातकाल का संदर्भ था। जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तब उसने संसद को अटकाने को हथियार की तरह बरतना शुरू किया। संसद की ऐसी-तैसी करते हुए भाजपा के अरुण जेटली व सुषमा स्वराज्य ने ऐसे बर्ताव को विपक्ष का जायज हथियार बताया था। उस वक्त के अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने संसद को बंधक रखने जैसी प्रवृत्ति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया था, लेकिन जब आप फिसलन पर पांव धरते हैं तब गिरावट आपके काबू में नहीं रहती है।

## सामान्य शील भी खत्म

2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इस बार इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया। अगर यह सत्ता पक्ष को पता हो कि जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं। तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चले, इसलिए रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व हर असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे। विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था। विपक्ष, जिसने 60-65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता, तो क्या आपको वैसा देश मिलता जैसा मिला? आप




चुनाव जीत सके, प्रधानमंत्री बन सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता है।

## सत्तापक्ष की जिम्मेदारी

आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकार चलाई, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे। लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुसरण करता है। संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है। संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही है : सदस्यों का विश्वास हासिल करना तथा सदस्यों का संवैधानिक संरक्षण करना। प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात आपकी नैतिक पकड़ कमजोर करता जाता है। यह सच छिप नहीं सकता है कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है जिसे आप बराबरी का अधिकार व अवसर न देकर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं। आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है। वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है। ऐसी संसद न तो सदन के भीतर और न बाहर लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है। संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फेर कर, निरक्षर व सूरदास बन गए हैं। संविधान के सामने सर झुकाना व संविधान का गला काटना इतिहास में कई बार हुआ है।

## 18 दिसंबर ऐतिहासिक दिन

18 दिसंबर 2023 एक ऐतिहासिक दिन बन गया है। इस दिन से एक सिलसिला शुरू हुआ है जो अब तक 146 सांसदों को दोनों सदन से बाहर निकाल चुका है। ये सारे निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं। अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की? हर निलंबित सदस्य दोनों अध्यक्षों की क्षमता पर भी और उनकी मंशा पर भी सवाल खड़े करता है। संसदीय लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता कैसी है, यह कैसे आंकेंगे हम? आपके व्यवहार से ही न! विपक्ष के इतने सदस्यों को निलंबित कर देने के बाद संसद में संवेदनशील बिल पेश और पारित भी किए जाते रहे, तो यह मंजर ही घोषणा करता है कि संसदीय लोकतंत्र का शील आपको छू तक नहीं गया है।

## नए सिरे से विमर्श

विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें हम तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नए सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा? संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं। उसने जैसे आपको चुनकर संसद में भेजा है वैसे ही उसने विपक्ष को भी चुन कर संसद में भेजा है। दोनों की हैसियत व अधिकार बराबर हैं और दोनों के संरक्षण की संवैधानिक जिम्मेदारी अध्यक्षों की है, इसलिए अध्यक्षों को यह भूमिका लेनी चाहिए थी कि भले किसी भी कारणवश इनका निलंबन हुआ हो, इनको चुनने वाले मतदाता का अपमान हम नहीं कर सकते, सो संसद स्थगित की जाती है। ऐसा होता तो दोनों अध्यक्ष इस परिस्थिति को एक सुंदर मोड़ दे सकते थे। क्या अब संसद में कौन रहेगा, इसका फैसला मतदाता नहीं, संसद का बहुमत करेगा? यह संविधान की लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन है। यह तो नई ही स्थापना हो गई कि विपक्षविहीन संसद वैध भी है और हर तरह का निर्णय करने की अधिकारी भी है। फिर संसद की कैसी तस्वीर बनती है और संविधान का क्या मतलब रह जाता है? इसका जवाब इस संसद के पास तो नहीं है।

# सांसद अपने आचरण को आदर्श बनाएं



दो टूक
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में, और बाहर भी, जैसी राजनीतिक गर्मी दिखाई दी, उससे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की साख बढ़ी तो हरगिज नहीं। भारत की आजादी के अमृतकाल में हमने देखा कि संसद के दोनों सदनों के दो-चार नहीं, 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस मुक्त भारत का नारा राजनीतिक माना जा सकता है, पर विपक्ष मुक्त संसद की बात कोई सोच भी नहीं सकता है। विपक्ष के बिना संसदीय लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। तब हमने अपने संसदीय लोकतंत्र की कैसी तस्वीर दुनिया के सामने पेश की? बेशक इससे पहले भी सांसद सदन से निलंबित किये जाते रहे हैं, पर इतनी बड़ी संख्या में पूरे सत्र के लिए निलंबन पहली बार हुआ। हर विवाद की तरह इसमें भी दो पक्ष हैं। सत्ता पक्ष का तर्क है कि विपक्ष तयशुदा रणनीति के तहत सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहा था, इसलिए लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अथवा उनके प्रतिनिधि के रूप में आसन पर विराजमान पीठासीन अधिकारियों के पास कोई और विकल्प ही नहीं रह गया था। दूसरी ओर विपक्ष का आरोप है कि निलंबन पूरी तरह अवांछित था, जिसके मूल में सरकार की मंशा विपक्ष की अनुपस्थिति में मनमाने ढंग से विधायी कार्य निपटा लेना था। सच शायद इन दोनों तर्कों के बीच कहीं है, क्योंकि संख्या गणित सरकार के पक्ष में हो तो विपक्ष चर्चा के दौरान शाब्दिक तीर चलाने के अलावा कुछ और कर ही नहीं सकता।

## तकरार विधायी कार्य पर नहीं

यह भी जगजाहिर है कि तकरार किसी विधायी कार्य को लेकर नहीं हुई। जिस मुद्दे पर तकरार इस हद तक पहुंच गई, वह संसद और सरकार ही नहीं, पूरे देश को शर्मसार करने वाला रहा है। 13 दिसंबर, 2001 को भारत की संसद पर किए गए हमले से तो सबक सीखना दूर, विदेश में बैठे एक अलगाववादी द्वारा इस साल उसी दिन हमले की धमकी के बावजूद हम संसद की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाए। ऐसे में सवाल तो उठेंगे ही। संसद की सुरक्षा में चूक पर ही विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री से बयान चाहता था, पर सत्ता पक्ष ने उसे अनावश्यक रूप से नाक का सवाल बना लिया। तर्क दिया कि संसद की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय के अधिकार क्षेत्र में है, और लोकसभा अध्यक्ष बयान दे चुके हैं, जांच के लिए समिति गठित की जा चुकी है। तकनीकी रूप से तर्क सही हो सकता है, पर क्या संसद देश के अंदर ही नहीं है, और क्या देश की सुरक्षा के लिए गृह मंत्री जिम्मेदार और जवाबदेह नहीं हैं? यह भी कि अजीब-सी गैस के साथ दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूदने वाले दोनों युवा आये तो संसद भवन के बाहर से ही थे। जाहिर है, इस कार्रवाई को अंजाम देने की साजिश भी संसद भवन के बाहर ही बनी होगी। तब उस सबसे गाफिल रहने के लिए कौन जिम्मेदार और जवाबदेह है?

## सवाल भटकाना सुशासन नहीं


दरअसल हर मुश्किल सवाल को तकनीकी गलियों में भटका देना राजनीतिक चातुर्य तो हो



सकता है, पर सुशासन नहीं, इसलिए सदन के बाहर बोलने के बजाय गृह मंत्री को सदन में वही बात कह देनी चाहिए थी, जो सत्ता पक्ष उनके बयान न देने के पक्ष में तर्क के रूप में कहता रहा। गृह मंत्री बयान दे देते तो जाहिर है कि विपक्ष को हंगामा करने का मौका ही नहीं मिलता। हां, इतना अवश्य होता कि उस बयान के बाद बोलने का मौका मिलने पर विपक्षी सदस्य संसद की सुरक्षा में चूक के लिए सरकार को कटघरे में खड़ा करते, पर अब तो सरकार संसद की सुरक्षा में चूक और विपक्षी सांसदों के रिकॉर्ड संख्या में निलंबन दोनों मुद्दों पर कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। सवाल पूछने वाले विपक्षी सांसदों को आनन-फानन में निलंबित किया जाता रहा, पर उस भाजपा सांसद से कोई पूछताछ भी नहीं हुई, जिसके नाम पर जारी पास पर वे युवा आए थे। ऐसा क्यों? संसदीय लोकतंत्र की प्रचलित मान्यता है कि सदन चलाना सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है। बेशक, सदन तभी सुचारू रूप से चल पाएगा, जब दोनों पक्ष गंभीरता से अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे, लेकिन उसके लिए गंभीर और ईमानदार पहल करने की जिम्मेदारी निश्चय ही सत्ता पक्ष की है। संसदीय लोकतंत्र का तकाजा भी यही है।

## राजनीति की गरिमा गिरी

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की सदन के बाहर निलंबित तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा नकल उतारने के प्रकरण से भी भारतीय राजनीति की गरिमा गिरी ही है। कल्याण बनर्जी के उस अवांछित कृत्य को हास-परिहास के नजरिये से लेकर नजरअंदाज भी किया जा सकता था, लेकिन उसे न सिर्फ उपराष्ट्रपति, बल्कि जाट व किसान समुदाय का अपमान बताकर बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की जा रही है। इस नजरिये से तो भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा सदन के अंदर ही बसपा सांसद दानिश अली के लिए सांप्रदायिक आधार पर आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल से पूरे मुस्लिम समुदाय का अपमान हुआ। उसके लिए क्या दंड और प्रायश्चित तय किया गया है? एक तरफ तो जातिवाद मिटाने की बातें की जाती हैं, दूसरी ओर एक उच्च संवैधानिक पद आसीन व्यक्ति की जातीय पहचान के जरिये, संभवतः अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, चुनावी मुद्दे को धार दी जा रही है। बिहार में जातीय सर्वे के आंकड़ों के जरिये विपक्ष ने हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जातीय जनगणना को मुद्दा बनाना चाहा, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी नजर में गरीब, महिला, किसान और युवा को ही जाति मानते हुए विपक्ष की तीखी आलोचना की थी। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिला शानदार बहुमत बताता है कि मतदाताओं ने मोदी की सोच को मान्यता भी दी है। फिर उन्हीं की सरकार और पार्टी की ओर से, विपक्ष के एक निलंबित सांसद द्वारा उप राष्ट्रपति की सदन के बाहर उतारी गई नकल को उनकी जाति का अपमान बताना कई प्रतिकूल, मगर स्वाभाविक सवालों को ही जन्म देता है। क्या कभी सत्ता पक्ष के नेताओं-प्रवक्ताओं ने विपक्ष के नेताओं की संसद के अंदर या बाहर नकल नहीं उतारी? क्या नकल उतारने या अशोभनीय टिप्पणियां करने से विपक्ष के नेताओं का अपमान नहीं होता? क्या सिर्फ पद की गरिमा होती है, व्यक्ति की कोई गरिमा नहीं? बेशक चुनावी जंग संसदीय लोकतंत्र का अंग है, पर सदैव जंगी मानसिकता से संसदीय लोकतंत्र नहीं चलाया जा सकता। समय-समय पर दलों-नेताओं की भूमिकाएं बदलती भी रहती हैं, इसलिए याद रखना चाहिए कि असहमति की गुंजाइश और राजनीतिक विरोधी का भी सम्मान, संसदीय लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त हैं। राजनीति संसद के अंदर नहीं होनी चाहिए। विपक्ष को संसद में हर कार्य अपनी राजनीति चमकाने की सोच के साथ नहीं करना चाहिए। सत्ता पक्ष का दायित्व जरूर ज्यादा है, पर विपक्षी सांसद अपने संसदीय कृत्य से भाग नहीं सकते। हमें संसदीय भाषा, सांसदों के आचरण, संसद में विमर्श का स्तर, पक्ष व विपक्ष के बीच संवाद आदि को श्रेष्ठ बनाने की जरूरत है। संविधान व लोकतंत्र का संरक्षण आवश्यक है।



## फिल्म 'मैं अटल हूं' का मास्टरपीस ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा को लेकर बड़े पर्दे पर पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं आ रही है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं फैंस इसे मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक बार फिर पंकज त्रिपाठी की अदायगी के लोग कायल हो गए हैं। ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जिस नेता को आप जानते हैं, उस आदमी को जिसे आप नहीं जानते। प्रस्तुत है अटल बिहारी वाजपेयी के असाधारण जीवन की एक झलक।

*दीपिका की पाको रबैन एम्बेलिश्ड मिनी स्कर्ट की ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कीमत की बात करें तो इस मिनी स्कर्ट की कीमत 1,769 अमेरिकी डॉलर है, लेकिन डिस्काउंट करके ये 1,238 अमेरिकी डॉलर की कीमत पर मिल रही है। भारतीय कीमत के हिसाब से इस मिनी स्कर्ट का प्राइज 1,03,169 रुपए है। सोने-चादी के तार और लटकन ने इस स्कर्ट को काफी खूबसूरत बनाया है।*

# 1 लाख से अधिक की पहनी मिनी स्कर्ट ...

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार ऋतिक रोशन स्क्रीन शेयर करते दिखने वाले हैं। फिल्म के टीजर और सॉन्स को फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है।

बीते दिन ही फिल्म का दूसरा रोमांटिक गाना 'इश्क जैसा कुछ' आउट हुआ है और इस गाने में एक बार फिर दीपिका का बोल्ड अंदाज देख फैंस उनके मुरीद हो गए हैं, लेकिन उनके आउटफिट की कास्ट जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। न्यू सॉन्ग इश्क जैसा में दीपिका पादुकोण ने मिनी स्कर्ट और ब्रालेट पहनी है। इस ड्रेस में वैसे तो एक्ट्रेस हर आउटफिट में अच्छी लग रही है, लेकिन दीपिका की मेटल की मिनी स्कर्ट और ब्रैलेट तो इस समय टॉक ऑफ द टाउन बन गया है।

दीपिका की पाको रबैन एम्बेलिश्ड मिनी स्कर्ट की ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कीमत की बात करें तो इस मिनी स्कर्ट की कीमत 1,769 अमेरिकी डॉलर है, लेकिन डिस्काउंट करके ये 1,238 अमेरिकी डॉलर की कीमत पर मिल रही है। भारतीय कीमत के हिसाब से इस मिनी स्कर्ट का प्राइज 1,03,169 रुपए है। सोने-चादी के तार और लटकन ने इस स्कर्ट को काफी खूबसूरत बनाया है। वहीं, प्लंजिंग यू-नेकलाइन ब्रैलेट आपको 753 अमेरिकी डॉलर यानी 62,751 रुपए की कीमत पर मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






## कलाकारों ने क्रिसमस के लिए बनाए सेलिब्रेशन प्लान्स!



**मुंबई।** छुट्टियों का मौसम आ गया है, और ऐसे में खुशी और उमंग का त्यौहार क्रिसमस बस आने ही वाला है। हर साल 25 दिसंबर को धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाता है। इस त्यौहार की अपनी सबसे प्यारी यादें ताजा करते हुए, निहारिका रॉय (प्यार का पहला नाम राधा मोहन की राधा), अदिति शर्मा (रब से है दुआ की दुआ), किशोरी शहाणे विज (कैसे मुझे तुम मिल गए की बबीता), शालिनी महल (कुंडली भाग्य की शनाया), निक्की शर्मा (प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की शक्ति), अबरार काज़ी (कुमकुम भाग्य के राजवंश), रोहित सुचंती (भाग्य लक्ष्मी के ऋषि) और अविनेश रेखी (इक कुड़ी पंजाब दी के रांझा) जैसे टीवी कलाकारों ने इस साल क्रिसमस के लिए अपनी रोमांचक और मजेदार योजनाओं के बारे में खुलासा किया। निहारिका रॉय ने कहा, मेरे लिए क्रिसमस प्यार बांटने के बारे में है! यह केक और कुकीज़, मिठाइयों और गानों का मौसम है! इस त्यौहार से जुड़ीं मेरी बचपन की बहुत अच्छी यादें हैं। 'रब से है दुआ' में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति शर्मा ने कहा, दिसंबर मेरा पसंदीदा महीना है और मैं क्रिसमस के कारण लगभग आधे साल इस महीने का इंतज़ार करती हूं। इस साल मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सीक्रेट सांता गेम खेलने की योजना बना रही हूं, फिर शाम को मैं अपने करीबी दोस्तों के साथ डिनर के लिए बाहर जाऊंगी। किशोरी शहाणे विज ने कहा, क्रिसमस हमेशा से एक यादगार मौका रहा है, जिसे परंपराओं और आनंद से मनाया जाता है।

**टीवी मसाला**

## दिशा ने साझा किया अपना फिटनेस रूटीन

**मुंबई।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दिशा परमार हाल ही में मां बनी हैं। वह अपनी बच्ची के साथ समय बिता रहीं हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना फिटनेस रूटीन साझा किया है। डिलीवरी के बाद से एक्ट्रेस अपने आपको फिट रखने की पूरी कोशिश में लगी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल



मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वर्कआउट की झलकियां साझा कर रहीं हैं। एक्ट्रेस मां बनने के बाद खुद को फिट रखने के लिए वह तरह-तरह की एक्सरसाइज और योगा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया वह अपने डिलीवरी वर्कआउट को क्रश कर रहीं है। दिशा इसी साल मां बनी हैं। उन्होंने एक नन्हीं सी परी को जन्म दिया है। वह इस समय मदरहुड का लुफ्त उठाती नज़र आ रही हैं। वे आए दिन अपनी बच्ची की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस की नन्हीं परी दो महीने से ऊपर की हो गई हैं। इसीलिए अब एक्ट्रेस ने भी अपनी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू कर दिया।

## संदीपा धर ने भारत की सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए रैंप वॉक किया...

**मुंबई।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि के उत्सव में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने भारतीय शराब ब्रांड के भव्य लॉन्च कार्यक्रम में उसके लिए वॉक करते हुए मुख्य मंच पर कदम रखा। यह उत्तम व्हिस्की, भारत को परिभाषित करने वाली मनमोहक भावना के प्रति एक श्रद्धांजलि है। सभी भारतीय चीजों के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर संदीपा धर ने लॉन्च का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उनके अपने शब्दों में, जब से मैं बच्ची थी, मुझ पर पूरी तरह से भारतीय चीजों का जुनून सवार रहा है। चाहे वह पारंपरिक बॉलीवुड नृत्य और संगीत के प्रति मेरा प्यार हो या आधुनिक भारतीय कहानी कहने का शौक हो, मुझे अपनी भारतीयता के हर पहलू का जश्न मनाना पसंद है। इसलिए, यहां भारत के सार का जश्न मनाते हुए स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा लग रहा है।



## सालार ने पहले दिन की 95 करोड़ रुपए की रिकार्ड तोड़ ओपनिंग




**मुंबई।** 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई प्रभास स्टारर फिल्म सालार को दर्शकों से पहले दिन बहुत अच्छा रिस्पान्स मिला। सालार की पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सालार ने रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है। सालार ने पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है, जवान की पहले दिन की कमाई 65.5 करोड़ रही थी। पठान ने पहले दिन 55 करोड़ का कलेक्शन किया था और एनिमल की पहले दिन की कमाई 54.75 करोड़ थी।

## डंकी ने दो दिन में किया 50 करोड़ का कलेक्शन, पहले दिन कमाए 29.2 करोड़



**मुंबई।** शाहरुख खान की डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। डंकी में विक्की कौशल, तापसी पन्नू और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नॉन-हॉलिडे रिलीज होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, पहले दिन 29.2 करोड़ रुपए की कमाई करने के बाद, राजकुमार हिरानी की फिल्म ने दूसरे दिन 20 करोड़ रुपए की कमाई की। कुल मिलाकर अभी फिल्म ने 49.20 करोड़ रुपए कमा लिए है।

## धीमी पड़ी एनिमल की कमाई, 20 दिन बाद कमाए मात्र 2.50 करोड़



**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल को 21 दिन बीत गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, एनिमल ने 21वें दिन को केवल 2.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि अब तक की सबसे कम कमाई है। वहीं इसके बाद भारत में एनिमल का कलेक्शन 531.34 करोड़ हो पाया है। जबकि वर्ल्डवाइड 859 करोड़ पार हो एनिमल की कमाई हई है और इंडिया ग्रॉस 630.35 करोड़ पहुंच गया है। फिल्म में रणबीर के अलावा रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

## बप्पी लाहिड़ी ने एक साल में 180 गाने कम्पोज कर बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड...

**मुंबई।** बप्पी लाहिड़ी भारतीय फिल्म संगीत का वो नाम है, जिसने डिस्को डांसर से लेकर तम्मा तम्मा और तूने मारी एंट्रियां तक जैसे कई लाजवाब गाने दिए। 11 साल की उम्र से ही धुन बनाना शुरू कर चुके बप्पी दा के जिम्मी-जिम्मी गाने के फैन तो खुद माइकल जैक्सन भी थे। बप्पी दा ने अपने सिर पर डिस्को किंग का ताज तो सजा ही रखा था लेकिन क्या आप जानते हैं साल 1986 में उन्होंने ऐसा कारनामा किया था, जिसने उनका नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।



### एक साल में दिया सर्वाधिक फिल्मों में म्यूजिक

बप्पी दा को टैलेंट की खान कहा जाता था और यह यूं ही नहीं कहा जाता था। उन्हें म्यूजिक से कितना प्यार था और वो उसमें किस कदर डूबे हुए थे, इसकी मिसाल 1986 में देखने को मिली। जानते हैं आप इस साल बप्पी लाहिड़ी ने 10-20 नहीं बल्कि पूरी 33 फिल्मों में म्यूजिक दिया था। बप्पी लाहिड़ी ने इन फिल्मों के लिए 180 गाने कम्पोज किए थे। इतने गाने कम्पोज करते ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।











## कपूर सिस्टर्स ने बेचे करोड़ों के फ्लैट्स

**मुंबई।** बोनी कपूर की बेटियां जाह्नवी और खुशी कपूर सिर्फ इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के तौर पर ही नहीं बल्कि फाइनेन्शियली भी सक्सेसफुल हैं। इंडस्ट्री के अन्य सेलेब्स की तरह ही वो भी प्रॉपर्टी के मामले में काफी सक्रिय हैं। फ्लैट खरीदने से लेकर बेचने तक, दोनों ही बहनें काफी तेज हैं। ऐसे में खबर आई है दोनों बहनों ने मिलकर मुंबई में ही 12 करोड़ के आसपास के चार फ्लैट्स सेल किए हैं। खबर की मानें तो दोनों ही एक्ट्रेस ने अलग-अलग जगहों पर कई फ्लैट्स बेचे हैं। बहनों ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में लोखंडवाला कॉम्पलेक्स में एक-एक फ्लैट बेचे हैं, जिनकी कीमत 6 करोड़ के आसपास की है। इन फ्लैट्स की रजिस्ट्री 2 नवंबर की बताई जा रही है। इन फ्लैट्स में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है।





## अहान का ब्रेकअप, टूटा तानिया संग रिलेशन

**मुंबई।** एक्टर अहान शेट्टी इस समय चर्चा में आ गए हैं। खबरें हैं कि अहान का 11 साल का रिलेशनशिप टूट गई है। खबरों के मुताबिक एक्टर का उनकी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ से ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के ब्रेकअप को हुए डेढ़ महीने हो गए हैं। दोनों 11 साल से एक-दूसरे संग रिलेशनशिप में थे। अहान और तानिया बचपन से एक साथ ही पढ़े हैं और फिर एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि कपल के रास्ते अलग हो चुके हैं।

# भारत में पहली बार शुरू होगा मंदिर प्रबंधन का कोर्स अब विवि पाठ्यक्रम में शामिल, हो गया करार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत की पहचान मंदिरों से रही है। भारत में अलग अलग स्थापत्य शैली में मंदिरों के निर्माण का पुरातन काल से इतिहास रहा है। हालांकि अब तक मंदिरों के निर्माण से .जुड़े कोर्स विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाये जाते हैं। लेकिन अब देश में इसकी भी शुरुआत हो रही है। अब छात्र मंदिर प्रबंधन का कोर्स पढ़ सकेंगे।

मुंबई यूनिवर्सिटी ने जानकारी शेयर करते हुए बताया कि इस समझौते का फोकस हिंदू दर्शन के समग्र अध्ययन पर है। इस समझौते से हिंदू दर्शन से संबंधित नए पाठ्यक्रम विकसित करने की दिशा में भी काम करने की उम्मीद है।



## मुंबई यूनिवर्सिटी कर रहा पहल

दरअसल, मुंबई यूनिवर्सिटी जल्द ही ऑक्सफोर्ड सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की मदद से 'मंदिर प्रबंधन' पर एक पाठ्यक्रम पेश करेगा। यह ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में पेश किया जाएगा।

इसके तहत छात्र ग्रेजुएशन और डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज ने अपने संस्कृत विभाग के साथ शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

# दिल्ली, पंजाब के बाद अब ममता बोलीं- कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें देंगे

■ अब सीट बंटवारे पर पश्चिम बंगाल में रार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

लोकसभा चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाली एनडीए को हराने के लिए बना इंडिया गठबंधन अपनी चुनौतियों से ही जीत नहीं पा रहा। गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीट बंटवारे की है। अभी तक आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच पंजाब और दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर टकराहट चल रही थी, लेकिन अब इसमें पश्चिम बंगाल भी शामिल हो गया है। बता दें कि कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो सीट जीती थी। कांग्रेस सूत्रों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि उसने अकेले लड़कर दो सीटें जीती हैं और वे किसी और की मदद के बिना भी इसे फिर से जीत सकते हैं।



## प. बंगाल में हैं 42 सीटें, 6 से 8 मांग रही कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 42 में से करीब 2 सीट ही ऑफर कर सकती है। हालांकि कांग्रेस की नजर गठबंधन की स्थिति में कम से कम 8 सीटों पर है। सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल ने अपने प्रस्ताव के बारे में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को बता दिया है। वहीं, बंगाल के कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और अन्य केंद्रीय नेताओं को बताया है कि अगर सम्मानजनक सीटें मिलती हैं तो वह गठबंधन के लिए तैयार हैं। बंगाल कांग्रेस के नेता पार्टी के लिए छह से आठ सीटें चाहते हैं।

## 2019 में दो सीटों पर जीती थी कांग्रेस

तृणमूल का तर्क है कि कांग्रेस ने 2019 की लोकसभा सीटों में से 20 में से केवल दो सीटें जीतीं, जबकि 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। हालांकि कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने हाल ही में एक उपचुनाव में जीत दर्ज की, लेकिन बाद में यह उम्मीदवार तृणमूल कांग्रेस में चला गया। कांग्रेस सूत्रों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि उसने अकेले लड़कर दो सीटें जीती हैं और वे किसी और की मदद के बिना भी इसे फिर से जीत सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### सरकार बदलते ही .....

कार्रवाई से भी बचा जा सके। इधर पुलिस के दबाव में सट्टेबाजों ने अपना ठिकाना ही बदल दिया है। पुरानी जगहों पर अब सन्नाटा है। हरिभूमि ने शनिवार को गांजा और सट्टेबाजों की पड़ताल की, तो पता चला, मोती बाग में लोगों को अब 100 की पुड़िया बेची जा रही है। वहीं खमतराई में सुबह 7 से 9 बजे के बीच गांजा बेचने बात कही। पुलिस की कार्रवाई से कालीबाड़ी में शनिवार को सन्नाटा रहा। लोग गांजा खरीदने पहुंचते रहे, लेकिन तस्करों ने साफ मना कर दिया। इसके अलावा गोल बाजार, कुशालपुर में सट्टेबाजों का ठिकाना बंद मिला। लोगों ने बताया कि नई सरकार के बाद से जगह भी बदल गई है।

### यूपी, बिहार, असम .....

पर भरपूर मात्रा में इसकी पैदावार होती है। पैदावार इतनी ज्यादा रहती है कि इसकी कीमत भी नहीं के बराबर रहती है। जब दिसंबर का माह प्रारंभ हुआ तो यहां पर भाजियों की आमद के साथ पहले कीमत ज्यादा रही, लेकिन इसके बाद कीमत जमीन पर आई और कीमत ने ग्राहकों को राहत भी दी, लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रही और कीमत लगातार बढ़ने लगी और अब तो कीमत में आग लग गई है।

**सस्ती सब्जियां गिनती की:** इस समय सबसे सस्ती सब्जी की बात करे तो वह पत्ता गोभी है। यह चिल्हर में 15 से 20 रुपए किलो है। इसी तरह से लौकी भी 10 से 15 रुपए किलो में बिक रही है। कद्दू को सबसे सज्जन सब्जी के रूप में जाना जाता है। इसकी कीमत आमतौर पर 20 रुपए रहती है। इसकी कीमत इस समय 30 रुपए किलो है। मटर 30 से 40 रुपए किलो, गाजर 40 रुपए किलो है।

**20 की भाजी 80 से 100 रुपए :** ठंड के सीजन में भाजियों की कीमत आमतौर पर चिल्हर में दस से बीस रुपए किलो रहती है। दिसंबर के पहले सप्ताह में चिल्हर में लाल भाजी दस रुपए और पालक भाजी 20 रुपए, मैथी भी 20 रुपए किलो बिकी है। लेकिन इस समय इनकी कीमत 80 से 100 रुपए चल रही है। इसी के साथ भाजियों की क्वालिटी भी ज्यादा अच्छी नहीं है। चना : भाजी 120 रुपए, तिवरा भाजी 80 रुपए, प्याज भाजी भी 60 से 80 रुपए किलो है। मूली कुछ समय पहले तक 10 से 20 रुपए किलो मिल रही थी लेकिन अब इसकी कीमत भी 30 से 40 रुपए किलो हो गई है। दूसरी भाजियों की कीमत भी 60 रुपए किलो है।

### ये सब्जियां सौ ....

पखवाड़े भर पहले 10 से 20 रुपए किलो चिल्हर में बिक रहा था, लेकिन अब 60 रुपए किलो हो गया है। परवल और करेला भी 80 रुपए किलो है।

### 20 की भाजी ....

भाजी 120 रुपए, तिवरा भाजी 80 रुपए, प्याज भाजी भी 60 से 80 रुपए किलो है। मूली कुछ समय पहले तक 10 से 20 रुपए किलो मिल रही थी लेकिन अब इसकी कीमत भी 30 से 40 रुपए किलो हो गई है। दूसरी भाजियों की कीमत भी 60 रुपए किलो है।

### मोदी से मिले .....

बताया कि प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप सरकार गठन होते ही प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, राज्य के किसानों से किये वादे के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपए की दर से खरीदने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' के अवसर पर हम राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख रुपए का भुगतान करने जा रहे है। उन्होंने अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, कृषक जीवन ज्योति योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि योजनाओं के लिए भी राशि का प्रावधान किए जाने के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री एवं मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के हितों और विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई है।

## पेज एक के शेष

### तस्करों का ऐसा खौफ...

हैं। इनमें से केवल एक को अनुमति है। लेकिन बाकी पर भी अवैध उत्खनन जारी है। सेंदरी, घुटकू, लोफंदी में मंगला से लेकर दयालबंद, मधुबन, राजकिशोर नगर, तोरवा, सरकंडा, कुदूदंड, सकरी, दोमुहानी सब जगह हाइवा और ट्रैक्टर देखे जा सकते हैं। इसी साल फरवरी 2023 में ही ठेके पर दिए गए अमलडीहा व उदईबंद घाट के साथ ही कोटा क्षेत्र की 4 खदानों को भी पर्यावरण अनुमति नहीं मिल सकी है। रेत की कीमत 2500 रुपए ट्रैक्टर है। अफसर दबी जुबान में कहते हैं कि घाटों पर कार्रवाई खतरनाक साबित हो सकती है। वे पांच या छह की संख्या में कार्रवाई करने जाते हैं लेकिन घाट पर सैकड़ों लोग होते हैं। उन्हें राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त होता है। ऐसे में जब घाट से गाड़ियां सड़क पर आती हैं तो कार्रवाई करते हैं। ऐसे में तस्करी रुकती नहीं है। खनिज विभाग के अफसर खौफ के मारे घाट बंद नहीं करा पा रहे। सवाल यही है, अगर घाट बंद हैं तो गाड़ियां आ कहां से रही हैं।

**साल भर से कालाबाजारी जारी, रोक नहीं :** एनजीटी के नियमों के मुताबिक 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों में खनन पर रोक रही। इसके साथ ही जिले में एक भी खदान का विधिवत आबंटन भी नहीं हुआ है, इसलिए सब रेत घाट बंद माने गए। यह सब लेकिन कागजों में रहा और कहीं कोई लगाम नहीं है। दूसरी ओर खदान बंद होने के साथ ही रेत की कालाबाजारी पिछले साल भर से जारी है। खनन माफिया एक तरह से गुंडागर्दी से अवैध रूप से रेत की खुदाई करने पर उतारू हैं। इसके चलते शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है और आम जनता को मुफ्त की रेत अब भी 20 से 22 हजार रुपए हाइवा में मिल रही है। रेत की कीमत प्रति ट्रैक्टर 900 से 1000 रुपए थी जो धीरे-धीरे बढ़कर 2500 रुपए तक पहुंच गई है।

**बारिश सीजन खत्म होने के बाद से खदानों में चल रहा अवैध खनन का कारोबार :** बारिश का सीजन खत्म होने के बाद से रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में रेत, चूना पत्थर एवं मुरुम खदानों में अवैध रूप से खनन का काम चल रहा है। जिन खदानों में अवैध रूप से खनन का काम चल रहा है, उनमें से कई खदानों को तो जिला पर्यावरण विभाग से अब तक एनओसी नहीं मिल पाई है, जबकि दूसरी ओर सेंट्रल एनजीटी ने भी नवंबर माह से खनिजों के खनन पर रोक लगाया हुआ है। इसके बावजूद रेत, चूना पत्थर एवं मुरुम के कारोबारी बिना किसी डर के खदानों में अवैध रूप से दिन-रात न केवल खनन करा रहे है, बल्कि परिवहन भी करा रहे हैं।

**खदानों में जान का खतरा, बिना हथियार जाने से कतराती है टीम :** अवैध खनन को रोकने लगातार कार्रवाई करने का खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा दावा किया जाता है। गश्त करने वाली टीम में खनिज निरीक्षक या इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 4-5 सिपाही सहयोग के रूप में शामिल रहते हैं, जिनके पास हथियार के नाम पर सिर्फ डंडा रहता है, जबकि खदानों में अवैध खनन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते है, जिससे उन्हें जान का खतरा भी बना रहता है। इस भय से टीम भी खदानों में नहीं जाती और संबंधित क्षेत्रों में चेक पाइंट या प्रमुख सड़कों पर भ्रमण कर अवैध परिवहन में संलिप्त गाड़ियों को पकड़कर खानापूर्ति कार्रवाई करती है।

### रायगढ़ ज़िले में अवैध...

अवैध खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग मुख्य सड़कों पर तो कार्रवाई करता है लेकिन इन खदानों को बंद नहीं करवा पा रहा है। पूरी रात रेत माफ़िया अवैध खनन करते हैं।

### खाई में तब्दील...

रहा है। यही कारण है कि जिले में अवैध उत्खनन को लेकर आए दिन आंदोलन और धरना प्रदर्शन भी हो रहे हैं। राजनांदगांव जिले में रेत की एक भी खदान अभी स्वीकृत नहीं है, फिर भी रेत माफिया द्वारा देर रात को नदी के घाट में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सर्वाधिक शिकायतें मोहला-मानपुर इलाके से सामने आ रही है। यहां तस्करों द्वारा रेत की जमकर तस्करी की जा रही है। यही हाल मुरूम का है। मुढ़ीपार इलाके में रेलवे ट्रेक के करीब खदानें खाई में तब्दील कर दी गई है। मनगटा में वन चेतना के समीप खाई में तब्दील खदानों में सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं। जिसके कारण हर साल वहां पर्यटकों की मौत भी हो रही है।

### सैलजा...

खिलाफ पूर्व विधायकों के साथ ही कई लोगों ने मोर्चा खोला था। उन्हें ही जिम्मेदार मानते हुए एआईसीसी में शिकायत की थी। शिकायतों में कई बातों को सही पाया गया। जिन विधायकों की टिकट कटी थी, उन्होंने दिल्ली जाकर केसी वेणुगोपाल से मिलकर कई मामलों के तथ्य भी प्रस्तुत किए थे।


### डेफलंपिक्स चैंपियन वीरेंद्र ...

साक्षी ने डब्लूएफआई चुनावों में संजय सिंह की जीत के तुरंत बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी जबकि बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटा दिया था।

# शाह बोले- 2024 में ऐसा प्रदर्शन हो कि विपक्ष चुनौती देने से पहले कई बार सोचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ दो दिवसीय बैठक में 'भारी बहुमत' से जीत के साथ पार्टी ने वोट प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर



भारतीय जनता पार्टी की नजरें 2024 के लोकसभा चुनाव में 'भारी' जीत हासिल करने पर टिकी हैं और इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संगठन के प्रमुख नेताओं से पार्टी का वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई की संभावना के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का आह्वान किया।

## ऐसा प्रदर्शन हो कि विपक्ष स्तब्ध हो जाए : शाह

सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दो दिवसीय मंथन बैठक के समापन के दिन भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि विपक्ष 'स्तब्ध' हो जाए। शाह ने चुनावों में संगठन की प्रमुखता को रेखांकित किया और कहा कि पार्टी को इतनी 'भारी' जीत मिलनी चाहिए कि विपक्ष उसे चुनौती देने से पहले कई बार सोचे।

## राज्यों में वोट प्रतिशत बढ़ने की सराहना

शाह ने हाल ही में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन का उल्लेख किया और 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के लिए राज्य संगठन की सराहना की। साल 2019 के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को 37 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे जबकि उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को करीब 45 प्रतिशत वोट मिले थे। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से, भाजपा ने विधानसभा चुनावों में अपने वोट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया है और कुछ चुनावों में उसे सफलता भी मिली।

## सीट का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जीत के लिए सीट संख्या का कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया, लेकिन ऐसी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया जो 2019 के प्रदर्शन से बड़ी हो। भाजपा ने पिछले आम चुनावों में 543 सदस्यीय लोकसभा में से 303 सीटें जीती थीं। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि लोग मोदी को ही चुनेंगे और केंद्र में लगातार तीसरा कार्यकाल सौंपेंगे।

न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/100/वाचक/तह./2023
गुण्डरदेही, दिनांक 20.12.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक प्राचार्य शा. शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुण्डरदेही के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है जिसमें लेख किया गया है, कि शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही वर्ष 2005 से संचालित है लेकिन महाविद्यालय के पास पर्याप्त भूमि नहीहोने के कारण सायकल स्टैण्ड का निर्माण नही किया जा सका है। सायकल स्टैण्ड नही होने के कारण छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, सायकल स्टैण्ड निर्माण हेतु 18.66 लाख रूपये की शासन से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है महाविद्यालय के बाउड्रीवाल से लगा हुआ शासकीय भूमि खसरा नंबर 620 का टुकड़ा 800 वर्गमीटर है जिसे महाविद्यालय के लिए सायकल स्टैण्ड निर्माण हेतु आबंटित करने निवेदन किया है, आवेदन पत्र के साथ खसरा नक्शा एवं प्रशासकीय स्वीकृति आदेश संलग्न है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी हितबद्ध व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.12.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समय पश्चात आए आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।
जारी दिनांक : 20.12.2023
पेशी दिनांक : 29.12.2023

तहसीलदार
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

## बलूचिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ भड़की विरोध की आग, सड़कों पर उतरे लोग

**बलूचिस्तान।** एक बार फिर पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ विरोध की आग भड़क गई है। खुजदार, नाल और वाध शहर में पूरी तरह से बंद हड़ताल देखी गई, जबकि इस्लामाबाद में तुरबत लॉन्ग मार्च में भाग लेने वालों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ क्वेटा और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों में रैलियां निकाली गईं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सिंध और पंजाब के बीच सड़क संपर्क कई घंटों तक कटा रहा क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने धरना दिया और रैलियां निकालीं, जिससे क्वेटा-कराची और बरखान-डेरा गाजी खान राजमार्ग अवरुद्ध हो गए। आपको बता दें कि बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन अमूमन होता रहता है। आरोप है कि बलूचिस्तानी लोगों पर पाकिस्तानी सेना हर तरह से जुल्म करती हैं। उनके मानवाधिकारों को कुचलने और गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तारी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर–27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक–F1B-BL-01/503, श्री नन्द किशोर गुप्ता पिता स्व. श्री शिवलाल गुप्ता, पता:– एच.–2, अविनाश न्यु काउटी, सेक्टर–30, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.01.2014 को रजिस्ट्री पश्चात् आधिपत्य की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। श्री नन्द किशोर गुप्ता की मृत्यु दिनांक 28.10.2019 को हो गया है। सुश्री मेघा रानी गुप्ता पिता स्व. श्री नन्द किशोर गुप्ता, द्वारा अपने पिता की मृत्यु होने के उपरांत उक्त प्रकोष्ठ भवन को अपने नाम पर नामांतारण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को सुश्री मेघा रानी गुप्ता पिता स्व. श्री नन्द किशोर गुप्ता, के नाम पर नामान्तरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

सपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर - 10, भिलाई (छ.ग.)
फोन : 0788 -276892, 2264992,
ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

अत: बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय संपत्ति का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में वर्णित धन राशि को संबंधित बकायेदारों से उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार / जमानतदार लौटाने में असफल रहे हैं।

अत: एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों / जमानतदारों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अद्योलिखित संपत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैं -

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम और पता | संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेशन रोड़, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ फोन: 7879038235 | श्रीमती निर्मला सोरटे (उधारकर्ता) श्री संतोष कुमार सोरटे (सह उधारकर्ता) एवं श्री मनोज कुमार सोरटे, (जमानतदार) पता- मकान नंबर 358, वार्ड नंबर 16, हनुमान गली, तुलसीपुर, राजनांदगांव छ.ग. 491441 | संपत्ति का सारा हिस्सा एवं उस पर निर्मित मकान जो कि खसरा संख्या 330/24/K एवं 330/23/K वार्ड क्रमांक 18 पी एच एन 46 आरएनएम मोतीपुर/तुलसीपुर तहसील एवं जिला राजनांदगांव छ.ग. 491441 में स्थित है। भूमि का कुल क्षेत्रफल - 1092 वर्गफिट है। संपत्ति की सीमा नीचे दी गई है पूर्व-नारायण गोखले का घर, पश्चिम-लखन गोंडे का घर, उत्तर-गली दक्षिण-तुलसीराम का घर | 20.7.2023 रु. 9,72,088.40/- + ब्याज + अन्य प्रभार 19.12.2023 सांकेतिक कब्जा |
| 2 | स्टेशन रोड़, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ फोन: 7879038235 | विनोद कुमार जैन (उधारकर्ता) श्रीमती चेतन बाला जैन (उधारकर्ता) पता- ग्राम. कोहका, पो. टप्पा, जिला. राजनांदगांव छ.ग. | संपत्ति का सारा हिस्सा और हिस्सा डायवर्टेड भूमि पर स्थित है और उस पर निर्माण, खसरा नंबर 136/1, 860 वर्ग फीट, पी सी नंबर 07 ग्राम कोहका तालुका और जिला राजनांदगांव छ.ग. 491441 श्री विनोद कुमार जैन से संबंधित है। संपत्ति की सीमा इस प्रकार है: पूर्व - जागेश्वर की भूमि, पश्चिम - चमारिन की भूमि, उत्तर - भुवन की भूमि, दक्षिण - जी ई रोड | 01.09.2023 रु. 15,32,916/- + ब्याज + अन्य प्रभार 19.12.2023 सांकेतिक कब्जा |

दिनांक : 24-12-2023, स्थान- राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## असम में लोस चुनाव में टिकट के लिए 83 ने दिया आवेदन

**गुवाहाटी।** असम के तीन मौजूदा सांसद उन 83 कांग्रेस सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी से टिकट मांगा है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। राज्य कांग्रेस इकाई ने 11 दिसंबर से प्रति आवेदन एक लाख रुपये शुल्क के साथ इच्छुक उम्मीदवारों से भरे हुए आवेदन पत्र स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा साझा की गई टिकट के इच्छुक लोगों की सूची के अनुसार, 83 सदस्यों ने पार्टी से टिकट मांगा है, जिनमें से 10 से अधिक महिलाएं हैं। धुबरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए सबसे अधिक 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि कोकराझार से अब तक केवल दो ही सदस्यों ने आवेदन किया है।

## राशिफल

**मेष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:** शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5373



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5372 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5383

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5382 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## कर्नाटक में हिजाब बैन विवाद पर सत्तापक्ष कांग्रेस और विपक्ष भाजपा में तकरार

# हिजाब से बैन हटाने के बयान से सिद्धारमैया का यू-टर्न, बोले- 'अभी किया जा रहा विचार...'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

**भाजपा ने सीएम पर धर्म का जहर बोने का आरोप लगाया था**

कर्नाटक के मैसुरु में सीएम सिद्धारमैया ने शुक्रवार को शैक्षिक संस्थान पर लगे हिजाब बैने को वापस लेने की बात कही थी, जिसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

कर्नाटक में हिजाब बैन को लेकर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि अभी तक ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझसे हिजाब पर प्रतिबंध हटाने को लेकर सवाल पूछा जिसके जवाब में मैंने उन्हें जवाब दिया कि सरकार इसे रद्द करने पर विचार कर रही है। मैसुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि सरकार राज्य में हिजाब पर लगे बैन को हटाने जा रही है।


सीएम का कहना है कि सभी को पसंद के मुताबिक कपड़े पहनने का अधिकार है। ऐसे में महिलाएं हिजाब पहनकर बाहर जा सकती हैं। सीएम ने कहा कि इस बारे में अधिकारियों को आदेश वापस लेने के निर्देश दे दिए हैं। इसके बाद भाजपा ने सीएम पर धर्म का जहर बोने का आरोप लगाया था। सीएम सिद्धरमैया ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा था कि पीएम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन टोपी, बुर्का पहनने वालों और दाढ़ी रखने वालों को किनारे कर देते हैं।

कर्नाटक सरकार ने मैसुरु में दिया था यह विवादास्पद बयान

भाजपा ने इसे फूट डालो, शासन करो की नीति बताया

**राजनीतिक पारा चढ़ा**

### गिरिराज बोले- देश में इस्लामिक कानून लागू कर रहे



सिद्धारमैया के बयान के बाद से देश भर में इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध हटाने से राज्य में शरिया कानून लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता में आया तो पूरे देश में इस्लामिक कानून लागू कर दिया जाएगा।गिरिराज सिंह ने कहा, यह महज हिजाब पर प्रतिबंध हटाना ही नहीं है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गंठधन की देश में सरकार बनी तो इस्लामी कानून लागू हो जाएगा। यह सुनियोजित योजना का हिस्सा है। यह सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश है।

### सीएम ले सकते हैं फैसलाः सुले



एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने हिजाब विवाद पर कहा कि यह कर्नाटक का आंतरिक मामला है। वहां के सीएम फैसला ले सकते हैं।


### मंत्री खरगे ने किया फैसले का स्वागत



खरगे ने राज्य सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। प्रियांक खरगे का कहना है कि कर्नाटक सरकार जो कुछ भी कर रही है वो कानून और संविधान के मुताबिक ही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के पास करने के लिए कोई काम नहीं है।

**पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने साधा निशाना**

### मुस्लिमों को खुश करने के लिए अब हटाई पाबंदी



कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने भी सीएम सिद्धारमैया के हिजाब फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। येदियुरप्पा का कहना है कि सीएम ने ये फैसला मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए लिया गया है जिसे फौरन वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

**भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र बोले**

### सिद्धारमैया धर्म के आधार पर लोगों को बांट रहे



कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सिद्धारमैया पर धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने के मामले पर कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस फूट डालो और शासन करो वाली ब्रिटिश सरकार की नीति को आगे बढ़ा रही है। राज्य सरकार को कम से कम बच्चों को अपनी गंदी राजनीति से बचाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ कांग्रेस हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है।

**शांति के बागीचे में धर्म का जहर बो रहे सरकार**

विजयेंद्र ने सिद्धारमैया के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, सिद्धारमैया शांति के बागीचे में धर्म का जहर बो रहे। वे तुष्टिकरण की राजनीति कर युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रहे हैं। विभाजनकारी गतिविधियों के बजाए उन्हें शिक्षा पर जोर देना चाहिए।

# एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान भारत पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान यूरोप की प्रमुख विमानन कंपनी एयरबस की फ्रांस स्थित टूलूज इकाई से शनिवार को यहां पहुंचा।

बयान के अनुसार, वीटी-जेआरए के तौर पर पंजीकृत विमान राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दोपहर 1.46 बजे उतरा। इसके साथ ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन अपने बेड़े में इस प्रकार का विमान रखने वाली भारत में पहली विमानन कंपनी बन गई है। इसमें कहा गया कि डिलिवरी उड़ान विशेष कॉल साइन एआई350 का उपयोग करके संचालित की जाती है।

### जनवरी से शुरू हो जाएंगी सेवाएं

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैम्पबेल विल्सन ने कहा, कंपनी ने कहा कि नया विमान अगले साल जनवरी में वाणिज्यिक सेवा देने लगेगा। शुरुआत में इस विमान को छोटी दूरी के मार्गों पर और बाद में इसे लंबी दूरी की उड़ानों के लिए तैनात किया जाएगा। पहले घरेलू और उसके बाद अंतरमहाद्वीपीय गंतव्यों के लिए लंबी दूरी की उड़ान भरी जाएगी।

### मार्च तक बेड़े में और विमान आएंगे

एयरलाइन ने कहा कि यह विमान एयर इंडिया के 20 एयरबस ए350-900 के ऑर्डर में से पहला है। इसकी मार्च, 2024 तक पांच और विमानों की आपूर्ति निर्धारित है। एयरबस के साथ अपने अब संशोधित 250 विमान ऑर्डर में एयर इंडिया 40 ए350 विमान लेगी, जिनमें 20-20 विमान ए350-900 और ए350-1000 होंगे। साथ ही, 140 विमान अपेक्षाकृत पतले आकार के ए321नियो और 70 विमान ए320नियो विमान होंगे।

# जवानों पर हमले के बाद जिन 8 लोगों से पूछताछ की गई उनमें से 3 के शव मिले

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर के राजौरी जिले के सुरनकोट में गुरुवार 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। अब इनकी तलाश तेज कर दी गई है। राजौरी और पुंछ जिले में इंटरनेट सर्विस बंद कर दी गई है। उधर, अफसरों ने बताया कि सेना ने शुक्रवार 22 दिसंबर को तीन लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतक उन आठ लोगों में शामिल थे, जिनसे गुरुवार को हुए हमले के सिलसिले में पूछताछ हुई थी।

### मृतकों की हुई पहचान, इंटरनेट बंद

इनकी पहचान टोपा पीर निवासी सफीर हुसैन (43), मोहम्मद शौकत (27) और शब्बीर अहमद (32) के रूप में की गई। इन्हें सेना पर हुए हमले में संदिग्ध माना जा रहा था। तीन लोगों की रहस्यमय मौत के बाद पुंछ और राजौरी जिलों में शनिवार को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर कर दी गईं हैं। बताया जा रहा है कि सेना ने जिन आठ लोगों से पूछताछ की थी, उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें पूछताछ के नाम पर इन्हें प्रताड़ित करने का दावा किया गया।



### मृतकों के परिवारों को मुआवजा और नौकरी की घोषणा

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने उन तीन लोगों के परिजनों को शनिवार को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की, जो पुंछ जिले में मृत पाए गए थे। पुंछ जिले में 27 से 42 वर्ष की आयु के तीन लोग शुक्रवार को 'रहस्यमय परिस्थितियों' में मृत पाए गए थे। मरने वालों के परिजनों एवं राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया कि चार लोगों को प्रताड़ित किए जाने के बाद एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## सूरत से शुरू हुई गुजरात में शराब बिक्री, पूरे राज्य में शुरू करने की मांग

**सूरत।** गुजरात सरकार ने गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में शराब बेचने और पीने की अनुमति दे दी है। इसे लेकर सूरत के लोग पूरे गुजरात में शराब की बिक्री करने और पीने देने की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं। सिर्फ पुरुष नहीं, बल्कि महिलाएं भी ये मांग कर रही हैं। लोगों का कहना है कि गुजरात में कागज पर शराबबंदी है जबकि शराब तो हर जगह बिकती है।

सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि लोग सरकारी और गुणवत्तापूर्ण शराब खुलकर पी सकें। पूरे गुजरात में शराब की पाबंदी हटाने से सरकार को भी आर्थिक रूप से फायदा होगा। सूरत या गुजरात के सीमावर्ती इलाकों के लोग पड़ोसी राज्यों में शराब पीने नहीं जाया करेंगे। गुजरात में शराबबंदी के बीच सरकार ने गिफ्ट सिटी में शराबबंदी में छूट का बड़ा फैसला लिया है। यहां रहने वाले, काम करने वाले और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के विजिटर्स के लिए शराबबंदी के नियमों में ढील दी गई है।

## कानपुर आईआईटी में मंच पर बोलते-बोलते वैज्ञानिक समीर की मौत

**कानपुर।** कानपुर आईआईटी के सीनियर वैज्ञानिक प्रो. समीर खांडेकर नहीं रहे। एल्युमिनाई मीट को संबोधित करते हुउ मंच पर बोलते-बोलते उनको हार्टअटैक आया। वह मंच पर गिर पड़े। वहां बैठे लोगों को लगा कि वह भावुक हुए हैं, इसलिए बैठ गए। जब थोड़ी देर तक वह नहीं उठे तो लोगों ने उनको उठाया। आनन-फानन में हैलट के कॉर्डियोलाजी ले जाया गया।

## छेड़छाड़ के आरोप में इमाम समेत छह पर मामला दर्ज

**बरेली।** बरेली जिले में बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के एक युवक ने मस्जिद के इमाम पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने और इसका विरोध करने पर उसे गांव से निकलवा देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर इमाम समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि परसौना गांव के नफीसउद्दीन की तहरीर पर मस्जिद के पेश इमाम यूनुस, रऊफ, आसिफ, ज़ीशान आलम, नदीम और इरशाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और इन सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी।




| ENTRY | AFCAT Entry | NCC Special Entry |
|---|---|---|
| BRANCHES | Flying/ Technical/ Weapon Systems/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology | Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory) |

For updates, follow us on
DISHA by Indian Air Force
careeriniaf
CareerinIAF

AFCAT Entry: Registration mandatory and online exam/ NCC Special Entry registration mandatory and no online exam
Aadhaar card is mandatory for online registration
Registrations open from **01 December 2023** till **30 December 2023**
For more details, refer to Employment News dated **25 November 2023** and for detailed notification visit our website **careerairforce.nic.in** and **afcat.cdac.in**
'DISHA' Cell, Air Headquarters, Vayu Bhawan, Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106 | Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: career.iaf@nic.in
CBC 10801/13/0011/2324

# तरकश

-संजय के. दीक्षित

## मंत्रिमंडल में भगवान

इसे संयोग कहें या सरकार का अच्छा योग...छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से लेकर लगभग सभी मंत्रियों के नाम भगवान से जुड़े हुए हैं। राज्य के मुखिया खुद विष्णुदेव। विष्णु को जगत का पालनहार माना जाता है। विष्णु के बाद बृजमोहन। विष्णु के ही रुप हैं मोहन। फिर लक्ष्मी...। लक्ष्मी की कृपा के बिना कुछ संभव नहीं। विष्णु, मोहन और लक्ष्मी के बाद श्यामबिहारी, लखन और केदार भी। श्याम बिहारी भगवान कृष्ण, वहीं लखन याने भगवान राम के सबसे प्रिय छोटे भाई। केदार माने देवों के देव महादेव। टंक में भी राम...रामविचार में राम। ओपी में ओम। अरुण का मतलब प्रातःकालीन सूर्य और बचे विजय...तो जिस मंत्रिमंडल में इतने सारे भगवान हों तो समझा जाना चाहिए कि उसकी विजय होगी ही। अलबत्ता, इन मंत्रियों के समक्ष दोहरी चुनौती होगी...मोदी की गारंटी पर खरा उतरने और नाम के अनुरूप आचरण की भी।

## किस्मत की बात

कांग्रेस सरकार के लिए घोषणा पत्र बनाने वाले टीएस सिंहदेव भले ही मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंच सके मगर मंत्री के बाद डिप्टी सीएम बन गए। मगर बीजेपी का घोषणा पत्र बनाने वाले तीनों नेताओं का ग्रह दशाओं ने साथ नहीं दिया। घोषणा पत्र कमेटी के संयोजक विजय बघेल और सह संयोजक शिवरतन शर्मा चुनाव नहीं जीत पाए। दूसरे सह संयोजक अमर अग्रवाल पहले की तुलना में दुगुने से ज्यादा मार्जिन से चुनाव जीतने के बाद भी मंत्री नहीं बन सके। अमर ने यहां तक कैलकुलेशन बता दिया था कि लोकलुभावन घोषणाओं से कितने हजार करोड़ का रेवेन्यू जुटाना होगा। खैर किस्मत अजय चंद्राकर की भी अच्छी नहीं कही जा सकती। विधानसभा में पांच साल तक सरकार को अकेला घेरने के बाद भी मंत्री की दौड़ में पिछड़ गए।

## एक अनार...

मंत्रिमंडल में एक सीट सुरक्षित रखी गई है। लोकसभा चुनाव में जिसका पारफारमेंस अच्छा रहेगा, उसे ईनाम के तौर पर मंत्री पद मिलेगा। हालांकि, अंदरखाने की खबर ये भी है कि दो-एक मंत्रियों को भी लोकसभा चुनाव में उतारा जा सकता है। सो, हो सकता है कि इलेक्शन के बाद कुछ और मंत्री पद खाली हो जाए। उसके बाद फिर कंप्लीट विष्णुदेव मंत्रिमंडल बनेगा। खैर, एक पद खाली है उसके लिए कतार लंबी है।

## देखन में सीधन लगै

तीन दिन के सत्र में एक दिन विधायकों के शपथ में निकल गया और दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण में। तीसरे दिन अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। नेता प्रतिपक्ष ने इस अवसर पर आंकड़ों से भरा लंबा-चौड़ा भाषण न देकर नपे-तुले शब्दों में प्वाइंटेड और चुटकी लेते हुए सदन के माहौल का हल्का रखा। उन्होंने साफगोई से कह दिया...इस सरकार को अभी जुम्मा-जुम्मा सात दिन हुए हैं, इनके खिलाफ में क्या बोलूं। बड़ी शालीनता से उन्होंने सरकार पर कटाक्ष की तो चुटकी भी लेने से नहीं चूके। दरअसल, महंत जी 40 साल से संसदीय राजनीति में हैं। अर्जुन सिंह और दिग्विजय सिंह के साथ काम करने का तजुर्बा है। तरकश में सियासी तीर भी। सो, सत्ताधारी दल को सतर्क रहना होगा, क्योंकि, सदन में नेता प्रतिपक्ष का टीजर बिहारी के दोहे को चरितार्थ कर रहा है...देखन में सीधन लगै, घाव करे गंभीर।

## नाम का चक्कर

लोग बोलते हैं, नाम में क्या रखा है। मगर नाम के फेर में लोग रिटायर आईएएस उमेश अग्रवाल को सीएम विष्णुदेव साय के सचिवालय में पोस्टिंग करा दिए। दरअसल, तीन ओएसडी के साथ एक निज सहायक की पोस्टिंग सीएम सचिवालय में हुई, उसमें एक नाम उमेश अग्रवाल का भी है। ये वाले उमेश पत्थलगांव के रहने वाले हैं। विष्णुदेव साय जब दिल्ली में इस्पात राज्य मंत्री थे, तब निज सहायक बनाकर उन्हें दिल्ली ले गए थे। दिल्ली में वे मंत्रीजी के सियासी और निजी कार्यों को संभालते थे। दिल्ली में रहे हैं, पढ़े-लिखे हैं, अंग्रेजी भी जानते हैं, सो ठीक च्वाइस हो सकता है। बहरहाल, उमेश अग्रवाल का नाम देखते ही लोग एक्स आईएएस समझ बैठे। बता दें, उमेश 2004 बैच के राप्रसे से आईएएस बनें थे। आखिरी पोस्टिंग उनकी राजस्व बोर्ड चेयरमैन की रही। उमेश अग्रवाल को संविदा पोस्टिंग मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। बाकी आईएएस अधिकारियों के विपरीत उनकी रीढ़ की हड्डी बची हुई थी। जाहिर है, पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग उन्हें ही मिलती है, बैठने बोला जाए तो लेट जाएं।

## दिल्ली से आईएएस!

सीएम सचिवालय में पी. दयानंद की बतौर सिकरेट्री फर्स्ट पोस्टिंग हुई है। उनके साथ तीन ओएसडी भी। मगर इससे से काम नहीं चलेगा। सीएम के सचिवालय के पास वर्कलोड काफी रहता है। वैसे भी सीएम सचिवालय में तीन से चार आईएएस होते हैं। रमन सिंह के सचिवालय में एसीएस से लेकर स्पेशल सिकरेट्री तक रहे। बैजेंद्र कुमार, अमन सिंह, सुबोध सिंह, रजत कुमार, मुकेश बंसल, एमके त्यागी। इनके अलावे बतौर एडवाइजर एक्स चीफ सिकरेट्री शिवराज सिंह भी। भूपेश बघेल सचिवालय में भी एसीएस के साथ तीन आईएएस सिकरेट्री रहे। एक रिटायर आईएएस भी। ऐसे में संकेत हैं, विष्णुदेव सचिवालय में आजकल में दो-तीन नियुक्तियां और होंगी। बताते हैं, विष्णुदेव के पिछले दिल्ली दौरे में छत्तीसगढ़ कैडर के एक आईएएस की करीब घंटा भर मुलाकात हुई। हो सकता है कि सीएम सचिवालय में उनकी नियुक्ति हो जाए। उनके अलावे भी दो और आईएएस पोस्ट होंगे और जल्दी होंगे क्योंकि, सीएम के शपथ लिए दसेक दिन से ज्यादा हो गए हैं।

## सिकरेट्री बैच

भूपेश बघेल सचिवालय में 2006 बैच के दो आईएएस रहे। अंकित आनंद और डॉ. एस भारतीदासन। इसी बैच के पी दयानंद नए सीएम विष्णुदेव साय के सिकरेट्री बनाए गए हैं। कहने का आशय यह कि पावरफुल सीएम सचिवालय के लिए यह लकी बैच है। इससे पहले 2005 बैच के दो आईएएस रमन सिंह सचिवालय में स्पेशल सिकरेट्री रहे। रजत कुमार और मुकेश बंसल। इसी बैच के राजेश टोप्पो भी सचिवालय के हिस्सा टाईप ही रहे। बहरहाल, 2006 बैच में छह आईएएस हैं। अंकित आनंद, श्रुति सिंह, पी दयानंद, डॉ. एस भारतीदासन, डॉ. सीआर प्रसन्ना, भूवनेश यादव और एलेक्स पाल मेनन। बहरहाल, इस बैच में तीन ही दक्षिण भारतीय अफसर हैं...पी. दयानंद नाम से आप कंफ्यूज मत होइयेगा। वे ठेठ गंगा किनारे वाले हैं। अंदाज भी गंगा किनारे वाला ही।

## अफसरों के साथ पूर्वाग्रह?

छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया है कि पूर्वाग्रह से हमारी सरकार कोई फैसला नहीं करेगी। भूपेश बघेल के सचिवालय के अफसरों को हटाने के फैसले में यह बात झलकी। किसी को भी अतिरिक्त प्रभार से नहीं हटाया गया है। हालांकि, ये फाइनल सर्जरी नहीं...टेम्पोरेरी है। मगर फायनल में भी एकाध को ही मुख्य धारा से हटाया जाएगा। बाकी कुछ तो रमन सिंह के सचिवालय में रहे हैं और उपर से काम करने वाले अफसर माने जाते हैं। ऐसे में नहीं लगता कि नई सरकार उन्हें साइडलाइन करेगी।

## फंस गई नियुक्ति

कांग्रेस सरकार ने आखिरी दिनों में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त का पद भरने का प्रयास किया मगर सरकार बदल जाने की वजह से फाइल राजभवन में रखी रह गई। दरअसल, मुख्यमंत्री की सिफारिश से राजभवन को फाइल भेजी गई थी। राजभवन ने इसमें कुछ क्वेरी निकाली। मगर मंत्रालय से क्वेरी पूरी करने में देरी हो गई। कुछ दिन पहले क्वेरी पूरी कर फाइल राजभवन भेजी गई। तब तक सरकार बदल गई। रिटायर आईएएस एमके राउत और अशोक अग्रवाल के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के रिटायर होने से ये दोनों पद 2022 में खाली हुए थे। मगर मंत्रालय को प्रॉसेज करने में लेट हो गया। बरहाल, रिटायर आईएएस टीएस महावर को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया जाना था और राजधानी रायपुर के एक मीडियाकर्मी को सूचना आयुक्त। उधर, सहकारी निर्वाचन में एक एक्स चीफ सिकरेट्री को नियुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री ने ओके कर दिया था। इस पद के लिए सीएम का अनुमोदन अंतिम होता है। मगर सामान्य प्रशासन विभाग में फाइल दबी रह गई। तब तक चुनाव का ऐलान हो गया। इन दोनों आयोगों में नई सरकार को अपने लोगों को बिठाने का मौका मिल गया।

## सबके भईया, मोहन भईया

राजभवन में मंत्रियों के शपथ ग्रहण में रायपुर के बड़े लोग बृजमोहन अग्रवाल को लेकर चुटकी लेते रहे...अपना भईया, मोहन भैया। मोहन भैया को अब सबको ढोना पड़ेगा। दरअसल, मंत्रिमंडल में अधिकांश नए चेहरे हैं, जिनका रायपुर से खास नाता नहीं रहा। रमन सिंह के समय रमन खुद रायपुरिया हो गए थे, उनके अलावा बृजमोहन, राजेश मूणत, गौरीशंकर अग्रवाल जैसे कई पावर सेंटर थे। इनके अलावा कुछ अफसर भी प्रभावशाली थे। सो, कहीं-न-कहीं से काम हो जाता था। इस बार सीएम जशपुर से हैं। दोनों डिप्टी सीएम मुंगेली और कवर्धा से। दयालदास बघेल के बारे में बताने की जरूरत नहीं। रामविचार नेताम पहले मंत्री रहे हैं मगर उनसे वैसी केमेस्ट्री नहीं। नए मंत्रियों में ओपी चौधरी जरूर रायपुर नगर निगम कमिश्नर, डीपीआर और रायपुर कलेक्टर रहे हैं। मगर पहली बार मंत्री बने हैं जाहिर तौर पर उनकी अपनी लक्ष्मण रेखा होगी। ऐसे में, फिर बचते हैं मोहन भैया।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. कितने ऐसे आईएएस हैं, जो सरकार रिपीट होने की आस में न्यू ईयर में बाहर जाने के लिए अवकाश स्वीकृत करा लिए थे, मगर सरकार पलटते ही अर्जी देकर छुट्टी निरस्त करा लिए?

2. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पद से सैलजा के हटने से क्या चरणदास महंत की स्थिति कमजोर होगी?


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (RO-1031)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर।** मो . 7469980000, 07714075490.(RO-1049)

छोटा विज्ञापन

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा ऑफिस रायपुर में काम करने ( साफ सफाई, झाड़ू पोछा आदि ) के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है। **मों.-91 6260-077826, 8349676913.** (RO-375)

### चिकित्सा कर्मी

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित, अनुभवी ANM. GNM. पैरामेडिकल ओटी कार्यकर्ता एवं आया की आवश्यकता है **संपर्क 10 से 5 बजे तक केजीयन नर्सिंग होम फव्वारा चौक के पास बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 9893042209.** (RO-1041)

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित व अनुभवी स्टॉफ जी.एन. एम. व बी. एस. सी. नर्सिंग तथा रिसेप्सनिष्ट और ओ. पी. डी. स्टॉफ व वार्ड ब्वॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9691631006, 9617952445** (RO-1054)

### गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान व गोदाम में कार्य हेतु पांचवीं पास युवक की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र,124, एस के प्लाजा कॉम्पलेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर।** (RO-1593)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### कुक

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में महिला कुक की आवश्यकता है । काम का समय सुबह 10 से 1 और शाम को 4 से 7 तक। वेतन योग्यता अनुसार। रहने के लिए जगह दी जा सकती है। **संपर्क करें - 8120289207, 7893045298** (RO-1055)

**आवश्यकता है-** इंडियन कुक-2, तंदूरी कुक-2, किचन हेल्पर-4, केप्टन-2, वेटर-4, वाटरब्वाय-4, सफाईकर्मी-4, वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करे :- नियर तरपोंगी टोप्लाजा गोल्डन ढाबा ,मो.- 98271-66974, 79879-35213.** (RO-370)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** MS AMBIKA FUELS पेट्रोल पंप स्मृति नगर में पेट्रोल /डिजल डालने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क करेः- जुनवानी रोड नियर इंडियन बैंक के पास भिलाई मो.- 87093-94722, 91317-63094.**(RO-374)

### टेक्निशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6, सर्विस टेक्निशियन 2, Telecaller 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करेंः- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2359)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान हेतु साड़ी बेचने के लिए सेल्समैन- सेल्सगर्ल एवं दुकान हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करेंः- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178.** (RO-2355)

### सेल्स/स्टोर कीपर

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स, स्टोर कीपर, एवं कंप्यूटर हेतु लड़कियों की आवश्यकता है **कार्य का समय प्रातः 10:30 से रात्रि 9:00 बजे तक पता- लक्ष्मी सेल्स लिंक- 1 के के रोड विनार बाग के बाजू जयस्तंभ चौक रायपुर** (RO-1051)

### इंजीनियर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** बिल्डिंग निर्माण कार्य पाटन व सोमनी राजनांदगांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु बी.ई/डिप्लोमा सिविल इंजीनियर व सुपरवाइजर (युवक) की आवश्यकता है, 5 साल अनुभवी को प्राथमिकता। **के.पी. मिश्रा कन्स्ट्रक्शन पताः-महाराजा चौक, डी-15, आदर्शनगर, दुर्ग 7869877505, 7000343771.** (RO-373)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### इंजीनियर

**REQUIRED-** HIRING FRESHER ENGINEERS (MECH/ELECT/OTHER RELEVANT BRANCH), FOR INDUSTRIAL ENERGY AUDIT WORK. THE JOB OFFERS IMMENSE OPPORTUNITY AND PREPARATION TO QUALIFY AS CERTIFIED ENERGY AUDITOR SEND YOUR RESUME . MO.- **83196-53798.** (RO-6311)

**WANTED ENGINEERS.-** A reputed company in Pune requires Apprentice Mechanical Engineers and Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience in Production and Quality Assurance. Call **9822301629** or send resume at **ajaykaul01@gmail.com.** (RO-41451)

### आया/कुक

**आवश्यकता है-** स्कूल के लिए आया, कूक एवम घर काम के लिए बाईं की आवश्कता है,तुरंत संपर्क करे । मॉडल इंग्लिश स्कूल,सिविल लाइन,रायपुर । **मोबाइल 9329621221, 9425214413.**(RO-395)

### ऑपरेटर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गोकुल सुपर बाजार पंडरी श्याम मार्केट अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर टाटा एस का ड्राइवर, हेमाल, हेल्पर ऑफिस वर्क हेतू लड़के लड़कियों आवश्यकता है। **सम्पर्क करे- 07714058984, 7489770673.** (RO-2215)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य हेतु लड़कों / महिलाओं की आवश्यकता है , जो कमल विहार के आसपास रहते हों वे **संपर्क करें - ऑक्सीटेक इंटरनेशनल कमल विहार मेन गेट के पास, डुमरताई मोबाइल 9826159991, 9993337979.**(RO-2357)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टिफिन डिलीवरी

**आवश्यकता है-** टिफिन सेन्टर में टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की एवं खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता है एकटीवा चलाना आना चाहिए **टेस्ट आफ पंजाब अमलीडीह रायपुर मो. 7470308181, 98261 62764** (RO-1876)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** हमारे प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को Tally एवं Excel मे 2वर्ष के अनुभवी Senior Accountant-1, Junior Accountant-1 पद, की आवश्यकता हैं एवं 10वीं पास ऑफिस बॉय-1पद, स्वयं का मोबाइल, टू व्हीलर वाहन होना आवश्यक। **ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री, नियर अग्रवाल होमियोपैथी, जर्मन रेमेडीज सुपेला, भिलाई 8109008885, 9589049626.** (SP/850)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28 वर्ष, 10वी, 12वीं पास जो ग्वालियर में काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 6263423838, 8817637131.** (RO-32226)

**आवश्यकता है-** आगरा, मथुरा उत्तर प्रदेश के आफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18 से 28, 10वीं, 12वीं पास। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 8057110319.** (RO-32270)

### मिस्त्री/ मैकेनिक

**आवश्यकता है-** JCB 3DX मशीन, AJAX सीमेंट कंक्रीट मिक्सर मशीन, वाइब्रो रोलर, मेंटेनेंस कार्य हेतु, मिस्त्री, मैकेनिक, इंजीनियर, और JCB, AJAX मशीन चलाने हेतु ड्राइवर ऑपरेटर चाहिए। **सम्पर्क- बिलासपुर 9669211111, 9827175811, 8602111111.** (RO-3127)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घरबैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता Whatsapp करें **6296026501.** (RO-6680)

**आवश्यकता है-** नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- **मों. 8583047417.**(RO-1307)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त **नाम पता** Whatsapp **करें 9631550466.**(RO-6670)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD DEPARTMENT) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) सैलरी (35400-83900) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 09310717928.** (RO-2358)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8695963713.** (RO-1306)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### Astrology ज्योतिष

**राजगुरू ज्योतिष -** जन्मपत्रिका, हस्तरेखा, मंगलदोष, लक्ष्मीयोग, जमीनलाभ, शादीयोग, मनचाहा प्यार, नौकरी प्रमोशन, नशामुक्ति, पति-पत्नी झगड़ा किया कराया प्यार में धोखा, वशीकरण तलाक मार्ग दर्शन के लिए फोन करके मिले A TO Z समस्याओं का समाधान **पताः- ब्राह्मण पारा आजाद चौक रायपुर मोबाइल नंबरः- 8889131176.** (RO-1048)

### Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.**(RO न.-6308)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.**(RO-2284)

### Property प्रापर्टी

**बेंचना है-** डॉबरमेन के बच्चे (मेल/फीमेल) उपलब्ध हैं एनिमल लवर्स एवम डॉग्स पालने के शौकीन व्यक्ति **संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 9977454909** (RO-2362)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

## वैवाहिकी

### परिचय सम्मेलन

**परिचय सम्मेलन-** परिचय सम्मेलन युवा अग्रवाल मंच द्वारा 06-07 जनवरी 2024 को रायपुर में आयोजित अ. भा. एजुकेटेड परिचय सम्मेलन में सहभागिता करें www.cqyuvaagrawal.com संपर्क करें- 7974442355 (434)

### वर चाहिए

**वर चाहिए**
छत्तीसगढ़िया कश्यप कुर्मी कन्या हेतु स्वजाति (सभी गोत्र मान्य) सरकारी नौकरी अथवा समकक्ष, सुसंस्कृत घराना वर चाहिए। जन्म 9.12.99, गोरी 5 फुट BA, LLB सम्पूर्ण बायोडाटा व्हाट्सएप करें
-सम्पर्क करें-
6261083694

**वर चाहिए-**कान्यकुब्ज ब्राह्मण जन्म 1993 ग्वा. सुंदर आदि नाड़ी 29/ 6'-1" एचएम. (LPU) पीजीडीएम फ्रंट ऑफिस मैनेजर एम.एन.सी दिल्ली 8 लाख (पिता क्लास वन शास. म.प्र.) कार्यरत हेतु सुंदर सुशील समकक्ष कार्यरत वधू चाहिए (सभी ब्राह्मण मान्य) संपर्क करें-9424767409 (2361)




**वर चाहिए-**24 वर्षीय जाति कुर्मी, गोत्र-कश्यप, बी.ए. उत्तीर्ण कन्या रंग गोरा, ऊंचाई 5'3'' हेतु शिक्षित नौकरी पेशा छ.ग. वासी वर चाहिए संपर्क करें-7974634251, 8827909058 (32207)

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए-** 26 वर्षीय जाति कुर्मी, गोत्र-कश्यप 10 वीं पास लड़का, रंग गोरा, ऊंचाई 5'3'' प्रायवेट जॉब 10 हजार महीना के लिए स्वजातीय सुशिक्षित छ.ग. वासी वधु चाहिए संपर्क करें 7974634251, 8827909058 (32206)

**वधु चाहिए**
32 वर्षीय युवक (स्वयं का फार्म हाउस, कृषि भूमि, समपन्न परिवार) हेतु 20 से 35 वर्षीय वधु चाहिए। तलाक शुदा, विधवा भी मान्य। जाति बन्धन नहीं।
छत्तीसगढ़ निवासी को प्राथमिकता।
सम्पर्क करें
6266929470

**वधु चाहिए**
जैन दिगंबर वधु चाहिए जैन उम्र 28 वर्ष कद 5 फीट 2 इंच 12वीं पास युवक हेतु सजातीय वधु चाहिए
संपर्क करें
8839484995
9926110737

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी...

01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /-1 Sunday | 500 /-1 Sunday |
| 700 /-2 Sunday | 900 /-2 Sunday |
| 900/-3 Sunday | 1200/-3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT- HARI BHOOMI PRESS


Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Ph.: 07752-271016, Mob.: 09329711674 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

## Healthcare


**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**हर्पिस रोग, सिफलिस-रुबेला, हेपाटाइटिस व एच.आई.वी.(HIV) एवं यौन समस्या**

स्त्री पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने, छाले, फूंसी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि से सफेद लाल बदबूदार पानी शरीर में जलन, बुखार जैसा लगते रहना, मुंह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले, इन्द्रीय से पीब(पस) जाना शरीर में सुखी खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग (जोस्टर, जेन्टेलियस, सिम्पलेक्स) रुबेला, सिंगल्स, सिफलिस, गौनोरिया, हेपाटाईटिस या एच.आई.वी (HIV AIDS) भी हो सकता हैं। तुरंत खून की जाँच कराये एवं रस-रसायन चिकित्सा से रोग मुक्त होये।

यौन समस्याः

इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा अन्य दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। ये नीम हकीम व जड़ी बूटी वालों के उलझन न फंसे तो बेहतर हैं। सावधान !

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साइंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग । 9425555659, 9617789223, 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# कम रिस्क में भी ज्यादा रिटर्न दे सकते हैं बैलेंस्ड एडवांटेज फंड

- बैलेंस्ड एडवांटेज फंड रिस्क को प्रभावी ढंग से मैनेज करने में सक्षम
- ये फंड इक्विटी और डेट दोनों विकल्पों में लगाते हैं निवेशों के पैसे
- रिटर्न को अधिकतम करने का लक्ष्य रखने वालों के लिए बेहतर विकल्प
- निवेशकों के लिए कमाई का बढ़िया जरिया, निवेशकों के लिए आदर्श
- शेयर बाजार बढ़त पर कर रहे मालामाल, सावधानी से बढ़ाएं कदम
- कोई निवेश बिना जोखिम वाला नहीं होता, हर किसी के फायदे-नुकसान

बिजनेस डेस्क

इस समय शेयर बाजार में झमाझम पैसा बरस रहा है। लनगभग सभी कंपनियों के शेयर अच्छा मुनाफा दे रहे हैं, निवेशक मालामाल हो रहे हैं। ऐसे में हर कोई निवेश के लिए तैयार है, लेकिन आप थोड़ी सावधानी के साथ निवेश के लिए बाजार में उतरें तो आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। इस समय म्यूचुअल फंड में निवेश करना बेहतर है। ये फंड आपको कम रिस्क में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं और आप आसानी से मालामाल हो सकते हैं। म्यूचुअल फंड इनवेस्टर से लेकर विदेशी निवेशक तक इस समय सभी खुश हैं। वैसे भी म्यूचुअल फंड (एमएफ) के अधिकतर इनवेस्टर शेयर बाजार के इकोनोमिक्स को सही सही नहीं समझते हैं। तब भी वे बाजार की तेजी में हिस्सेदार बनते हैं।

दरअसल, म्यूचुअल फंड निवेश बाजार की बात करें तो निवेशकों का प्राथमिक लक्ष्य अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न हासिल करना है। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान रखें तो वे म्यूचुअल फंड से भी अच्छी कमाई कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड का बैलेंस्ड एडवांटेज फंड रिस्क को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हुए अपने रिटर्न को अधिकतम करने का लक्ष्य रखने वालों के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करते हैं। शेयर बाजार के बारे में कहा जाता है कि यहां कोई भी निवेश बिना जोखिम वाला नहीं है, हर निवेश के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड का बैलेंस्ड एडवांटेज फंड रिस्क को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हुए अपने रिटर्न को अधिकतम करने का लक्ष्य रखने वालों के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करते हैं। इससे उन्हें महत्वाकांक्षी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।




### यह है बैलेंस्ड एडवांटेज फंड

दरअसल यह म्यूचुअल फंड का एक ऐसा उत्पाद है, जो इक्विटी और डेट दोनों का मिला जुला होता है। बाजार की स्थितियों, ब्याज दरों और व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर इक्विटी और डेट के बीच बैफ में बदलाव होते रहता है। यह बाजार के हालात से निवेशकों का बचाव करता है. बाजार चाहे गिरा हुआ हो या नई ऊंचाइयों पर हो, नया संतुलन हो जाने से निवेशकों के लिए ये फंड जोखिम को कम कर देते हैं। जब बाजार को प्रभावित करने वाले कारकों में तेजी से बदलाव हो रहा हो, तब एक आम निवेशक के लिए उसके हिसाब से अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते रह पाना मुश्किल हो जाता है। जैसे मौजूद हालात को देखें तो दुनिया साल भर से ज्यादा समय से पूर्वी यूरोप में युद्ध की स्थिति से जूझ रही है। ग्लोबल इकोनॉमी के ऊपर मंदी का खतरा है। महंगाई और उसके कारण लगातार बढ़ते ब्याज दरों का दबाव है। ऐसे माहौल में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बैलेंस्ड एडवांटेज जैसे फंड ने पिछले एक दशक से भी अधिक समय में इक्विटी या डेट में एंट्री-एक्जिट को अच्छे से मैनेज किया है। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की यह रणनीति होती है कि जब बाजार नीचे हो तो सस्ते में शेयर खरीदे जाएं और जब बाजार ऊपर हो तो उसे महंगे में बेचकर निकल जाएं। इससे निवेशकों को महंगे बाजारों के दौरान मुनाफा कमाने में मदद मिलती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इन फंडों का शुद्ध इक्विटी एक्सपोजर 30 फीसदी के स्तर तक नीचे जा सकता है, लेकिन आम तौर पर इक्विटी में निवेश 65 फीसदी और उससे अधिक पर बनाए रखा जाता है।

### लंबी अवधि के निवेश लक्ष्य को पूरा करने वाला विकल्प

*चाहे आपका लक्ष्य सेवानिवृत्ति के लिए फंड जुटाना हो, अपने बच्चे की शिक्षा के लिए फंड जुटाना हो, या कोई अन्य दीर्घकालिक उद्देश्य पूरे करने के लिए फंड जुटाना हो, बैलेंस्ड एडवांटेज फंड आपको उस लक्ष्य पूरा करने में मदद कर सकते हैं। उनका सक्रिय प्रबंधन और बेस्ट रिटर्न देने की क्षमता उन्हें महत्वाकांक्षी वित्तीय लक्ष्य बनाने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है।*


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में गति शक्ति यूनिट के लिए सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से मासिक पारिश्रमिक के आधार पर नीचे बताए गए विभिन्न श्रेणियों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | विभाग | श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अभियांत्रिक | व. अनु. अभि./ रेलपथ | 02 |
| 2 | अभियांत्रिक | व. अनु. अभि./ब्रिज | 01 |
| 3 | अभियांत्रिक | व. अनु. अभि./कार्य | 02 |
| 4 | संकेत एवं दूरसंचार | व. अनु. अभि./क.अभि.(दूरसंचार) | 01 |
| 5 | संकेत एवं दूरसंचार | व. अनु. अभि./क.अभि.(संकेत) | 01 |
| 6 | विद्युत/सामान्य | व. अनु. अभि./क.अभि.(विद्युत/सामान्य) | 01 |
| 7 | विद्युत/TRD, OHE,PSI | व. अनु. अभि./क.अभि. TRD, OHE,PSI | 01 |
| | | कुल | 09 |

अधिसूचना एवं आवेदन पत्र की जानकारी https://secr.indianrailways.gov.in
a. (Recruitment/News/PressRelease→Recruitment→Bilaspur)
b. (Dept./Div. of SECR-Division-BILASPUR-Personnel-Notification)
1. आवेदन की अंतिम तिथि: 20.01.2024, 2. उपरोक्त चयन प्रक्रिया के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करने की निर्धारित तिथि दिनांक 22.01.2024 (सोमवार) को 11.00 बजे, स्थान व. मंडल कार्मिक अधिकारी/ बिलासपुर के कार्यालय कक्ष में करने का निर्णय लिया गया है।
आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें: 1. सेवा प्रमाण पत्र। 2. पेंशन पहचान पत्र। 3. पीपीओ। उपरोक्त दस्तावेज आवेदन के साथ पीडीएफ फारमेट में ई-मेल ID: srdpo.omr@gmail.com में जमा करें।
सीपीआर/10/344 मंडल कार्मिक अधिकारी/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail


# रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए भी म्यूचुअल फंड पर बढ़ा भरोसा




बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट की बात करें तो कुछ साल पहले यह भारतीयों के फाइनेंशियल प्लानिंग में प्राथमिकता नहीं थी। इसकी बजाए बहुत से लोग अपने दूसरे लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्लानिंग करते थे, लेकिन अब ट्रेंड बदल रहा है। रिटायरमेंट भारतीयों के लिए अब तेज गति से वित्तीय प्राथमिकता बन रही है और ज्यादा से ज्यादा लोग अब अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग में इसे तरजीह दे रहे हैं। रिटायरमेंट को फाइनेंशियल प्लानिंग में ऊपर रखने के मामले में भारत 2023 के एक सर्वे के अनुसार दुनिया में छठे स्थान पर पहुंच गया है, जो 2020 में 8वें स्थान पर था। एक सर्वे में ये बातें सामने आई हैं। इस सर्वे के अनुसार पहले रिटायरमेंट मुख्य रूप से परिवार के दायित्वों को पूरा करने को लेकर जुड़ा था, लेकिन पिछले कुछ साल में, इसकी परिभाषा आत्म-सम्मान और खुद की पहचान की तलाश तक पहुंच गई है। यानी अब लोग रिटायरमेंट के बाद भी वर्किंग ईयर की तरह बेहतर लाइफ जीना चाहते हैं। आज, भारतीय अपनी जरूरतों या इच्छाओं से समझौता किए बिना अपने फाइनेंस पर नियंत्रण चाहते हैं, जिसके लिए बेहतर रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है।

## इन पहलुओं पर विचार

### पॉजिटिव पहलू

पॉजिटिव पहलू यह है कि धन को अप्रत्याशित/अपेक्षित जरूरतों के प्रति 'सुरक्षा जाल' के रूप में माना जाता है। इसे अपनी फैमिली के प्रति अपने कमिटमेंट को पूरा करने के लिए 'सक्षम बनाने वाला' और सामाजिक सम्मान और गौरव चाहने वालों के लिए 'सक्षम होने का प्रतीक' माना जाता है। महामारी के बाद, यह 'स्वतंत्रता की तलाश' के नए आकार में विकसित हुआ है–यानी अपनी लाइफ स्टाइल और जरूरतों से समझौता किए बिना जिम्मेदारियों को पूरा करना। इन जरूरतों और जिम्मेदारियों में बड़ा घर बनाना, बच्चों के लिए क्वालिटी एजुकेशन से लेकर फैशन, तकनीक, साज-सज्जा विकल्पों, छुट्टियों आदि के माध्यम से लाइफ स्टाइल को बेहतर बनाना शामिल है।

### निगेटिव पहलू

निगेटिव पहलू यह है कि पैसा बनाने और उसे मैनेज करने को लेकर लोगों के कमिटमेंट और जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। निगेटिव पहलू में, अगर कोई विशेषज्ञता की कमी या बढ़ते फाइनेंशियल डिजिटल वर्ल्ड को अपनाने में असमर्थता/देरी होने के कारण अपने पैसे को अच्छी तरह से मैनेज करने में असमर्थ है–तो इससे सामाजिक शर्मिंदगी, कम आत्मसम्मान और/या कमी की भावना पैदा हो सकती है।

- व्यक्तिगत आय में बढ़ोतरी के साथ लोगों की आय में से कर्ज और देनदारियों के लिए अलोकेशन बढ़ रहा है। भारतीय अपने धन का 59 फीसदी घरेलू खर्चों के लिए और 18 फीसदी लोन चुकाने के लिए रख रहे हैं, जो 2020 के मुकाबले ज्यादा है।
- लोगों द्वारा पूंजी के निर्माण की दिशा में एक प्रयास किया जा रहा है, जहां कुल आय का 5 फीसदी स्किल डेवलपमेंट या एजुकेशन लोन के लिए अलोकेट किया जाता है।
- 48 फीसदी ने बताया कि महामारी के कारण सोच, व्यवहार और वित्तीय योजना में बदलाव आया। -भारतीय वित्तीय रूप से अधिक जागरूक, योजना बनाने वाले और अनुशासित हो गए हैं।
- अब कम आय के साथ, अधिक रिटर्न जेनरेट करने और वित्तीय रूप से सुरक्षित रहने पर अधिक ध्यान है। जैसे-जैसे आय बढ़ रही है, लोगों की प्राथमिकता अपने वर्तमान वर्किंग प्लेस में उच्च पद तक पहुंचना और पैसिव इनकम के सोर्स विकसित करने जैसे अन्य पहलुओं को दी जा रही है।
- पहचान' और 'आत्म-सम्मान' अब केवल भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को पूरा करने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि खुद की देखभाल करना और जानने तक भी बढ़ रहा है।
- महामारी के बाद, भारतीयों ने पारिवारिक सुरक्षा के अलावा, मेडिकल इमरजेंसी और रिटायरमेंट योजना जैसी लंबी अवधि के लक्ष्य पर अधिक जोर देना शुरू कर दिया है।
- महामारी के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट से संबंधित 'आय के वैकल्पिक सोर्स की कमी' के बारे में चिंता करने वालों की संख्या साल 2020 में 8% से बढ़कर 2023 में 38% तक पहुंच गई है।
- महामारी के बाद, 'महंगाई' व 'आर्थिक मंदी' रिटायरमेंट के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट से संबंधित चिंताओं की टॉप लिस्ट में आ गए।
- करीब 67 फीसदी भारतीयों का कहना है कि वे रिटायरमेंट के लिए तैयार हैं, जिससे उन्हें काम और जीवन के बारे में पॉजिटिव सोच मिलती है, जिन लोगों ने अपनी रिटायरमेंट की योजना बनाई है, वे आमतौर पर इसे 33 साल की उम्र के आसपास शुरू करते हैं और जिन्होंने नहीं किया है, वे 50 की उम्र में शुरू करने का इरादा रखते हैं।
- 2020 में 10% की तुलना में 2023 में 23% लोगों को सीधे इक्विटी/शेयर और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की तुलना में म्यूचुअल फंड ज्यादा आकर्षक दिख रहा है। सर्वे के अनुसार भारतीय निवेशक अभी भी फिक्स्ड इनकम विकल्पों और बीमा को प्राथमिकता देते हैं।
- बदल रही लाइफ स्टाइल और मैक्रो-इकोनॉमिक स्थितियों के साथ, भारतीयों को लगता है कि उन्हें अपने रिटायरमेंट फंड बनाने के लिए अपनी सालाना आय का 10-12 गुना चाहिए, जो 2020 के सर्वेक्षण में 8-9 गुना था।

## वित्तीय सुरक्षा को लेकर सजग

आय का वैकल्पिक सोर्स होने से रिटायरमेंट के लिए तैयारी की भावना काफी बढ़ जाती है। सर्वे में भाग लेने वाले 36 फीसदी में से जिनके पास वैकल्पिक आय के सोर्स हैं, उनमें से 42 फीसदी ऐसे हैं, जिन्हें फाइनेंशियल एसेट्स में निवेश से अतिरिक्त आय होती है। अब हर कोई अपनी वित्तीय सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सजग है। जिनके पास रिटायरमेंट योजना है, उनमें से सिर्फ 10 फीसदी ही रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर से उचित फाइनेंशियल प्लानिंग को लेकर सेवाएं चाहते हैं।


वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

**जीएसटी करदाता ध्यान दें!**

**कृपया वित्तीय वर्ष 2022-23 का अपना वार्षिक रिटर्न फॉर्म GSTR-9* और फॉर्म GSTR-9C# में दाखिल करें**

अंतिम तिथि से पहले

दिसंबर 2023 31




*इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9 दाखिल किया जाना अनिवार्य है
ऐसे सभी जीएसटी करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 2 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान), निम्न को छोड़कर:
- इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर
- टीडीएस डिडक्टर
- टीसीएस कलेक्टर
- कैजुअल टैक्सेबल पर्सन
- प्रवासी टैक्सेबल पर्सन

#इन करदाताओं द्वारा फॉर्म GSTR-9C दाखिल किया जाना अनिवार्य है
ऐसे करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹ 5 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान), द्वारा फॉर्म GSTR-9 में वार्षिक रिटर्न के साथ फॉर्म GSTR-9C में स्व–प्रमाणित रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट दाखिल किया जाना आवश्यक है

फॉर्म GSTR-9 और फॉर्म GSTR-9C विलंब से दाखिल किए जाने पर विलंब शुल्क लगता है
जीएसटी वार्षिक रिटर्नों के विवरण के लिए कृपया स्कैन करें

cbc 15502/13/0021/2324

**केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड**
@cbic_india @cbicindia www.cbic.gov.in @cbic @cbicindia @CBIC INDIA

क्रिसमस स्पेशल



ईसा मसीह का जन्मदिन सदियों से क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि लगभग सभी धर्मों के लोग दुनिया भर में इसे उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व में निहित प्रेम और भाईचारे का संदेश ही वास्तव में सभी को एक-दूसरे से जोड़ता है, विश्व बंधुत्व की भावना के लिए प्रेरित भी करता है।

# प्रेम-उल्लास का वैश्विक पर्व क्रिसमस

कवर स्टोरी / धीरज बसाक

हर वर्ष 25 दिसंबर को दुनिया के हर कोने में क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस का यह पर्व यूं तो ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह के जन्मदिन की खुशी के रूप में ईसाई धर्म के अनुयायियों के द्वारा मनाया जाता है, लेकिन बहुत से गैर ईसाई लोग भी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले इस पर्व को खुशी-उल्लास से मनाते हैं। अपने देश भारत में भी बड़े पैमाने पर सभी धर्मों के लोग क्रिसमस मनाने लगे हैं।

## अरबों लोग मनाते हैं यह पर्व

अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो दुनिया में करीब 2.20 अरब क्रिश्चियन हैं। वे सब तो भरपूर उल्लास के साथ क्रिसमस को सेलिब्रेट करते ही हैं, साथ ही करीब 50 करोड़ दूसरे धर्म के मानने वाले लोग भी इस पर्व को मनाते हैं। इस तरह दुनिया में क्रिसमस अकेला ऐसा पर्व है, जिसे करीब पौने तीन अरब से अधिक लोग मनाते हैं। दूसरे नंबर पर ईद का पर्व है, जिसे दुनिया भर के करीब 2 अरब लोग मनाते हैं।









## शुरुआत के संदर्भ में मान्यता

क्रिसमस ईसाईयों का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। माना जाता है कि 25 दिसंबर को ही बैतलहम में मैरी और जोसेफ के घर जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था। सन् 221 में एक ईसाई यात्री सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस ने पहली बार 25 दिसंबर यानी जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस के रूप में मनाया था। तभी से धीरे-धीरे ईसाई धर्म के अनुयायियों के बीच जीसस के जन्मदिन को क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाना शुरू हुआ। सेक्सटस जूलियस अफ्रीकनस नामक इस ईसाई यात्री ने दूसरी सदी के अंत और तीसरी सदी की शुरुआत तक का इतिहास भी लिखा है।

## होता है उमंग-उल्लास का माहौल

कई यूरोपीय देशों में 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के दिन प्रभु यीशु से संबंधित वैसे ही झांकियां निकलती हैं, जैसे अपने देश में रामलीला के अवसर पर या गुरुपर्व पर झांकियां निकलती हैं। क्रिसमस एक ऐसा धार्मिक उत्सव है, जिसका आनंद सभी धर्मों के लोग लेते हैं, क्योंकि क्रिसमस को लेकर कट्टर धार्मिक आग्रह नहीं है। इसलिए यह त्योहार गैर ईसाई लोग भी पूरे मन से मनाते हैं। इस दिन लोग शाम के समय गिरिजाघर जाते हैं और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करते हैं। बच्चों को खासतौर पर क्रिसमस का इंतजार इसलिए भी रहता है, क्योंकि 24 दिसंबर की रात में सांता क्लॉज की वेशभूषा में उनका कोई अपना या अंजान व्यक्ति आकर उन्हें चॉकलेट और दूसरे गिफ्ट्स देता है। इस दिन लोग 'क्रिसमस कैरोल' नामक एक खास तरह का गीत गाते हैं। इस मौके पर कई लोग एरोकेरिया नामक पौधे को छोटे-छोटे रंगीन गेंदों, बल्ब और खिलौनों से सजाते हैं, जिसे क्रिसमस ट्री कहा जाता है।

## प्रेम-भाईचारे का देता है संदेश

वैसे तो यह पर्व प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। लेकिन यीशु ने अपने अवतारी जीवन में प्रेम और करुणा के जिन उच्च मानवीय मूल्यों की महत्ता को स्थापित किया, वो उस काल में ही नहीं आज के दौर और हर युग में प्रासंगिक हैं। आज जब हर ओर हिंसा, दुख और तनाव का माहौल है, ऐसे में हम प्रभु यीशु के संदेशों को अपने जीवन में अगर अपना लें, तो ही वैश्विक शांति स्थापित हो सकती है और तभी क्रिसमस पर्व मनाने की सार्थकता होगी। *

### जमकर की जाती है खरीदारी

**जिस तरह** से भारत में दीपावली का त्योहार खरीदारी का बहुत बड़ा मौका होता है, उसी तरह अमेरिका और यूरोप के देशों में सबसे ज्यादा शॉपिंग क्रिसमस के मौके पर होती है। बिग डे शॉपिंग जैसे कॉन्सेप्ट वास्तव में क्रिसमस पर होने वाली शॉपिंग की वजह से ही पॉपुलर हुए हैं। माना जाता है कि विश्व के उपभोक्ता बाजार को गति देने में और उसे महत्वपूर्ण बनाने में क्रिसमस शॉपिंग का बहुत बड़ा योगदान है। अनुमान के मुताबिक समूची दुनिया में क्रिसमस के मौके पर इतनी शॉपिंग होती है, जितनी समूचे अफ्रीकी देशों का वार्षिक बजट भी नहीं होता। इसलिए ना सिर्फ लोगों की खुशियों से बल्कि कारोबार की खुशियों से भी क्रिसमस का बहुत गहरा नाता है, इसलिए यह आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति का सबसे पसंदीदा पर्व भी है।

वर्ल्ड रिकॉर्ड / शिखर चंद जैन

# क्रिसमस पर लाखों लाइट्स से जगमगाता है यह अमेरिकी घर



अगर किसी गांव का कोई घर अपनी जगमगाहट के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो जाए तो अचरज होना स्वाभाविक ही है। यही नहीं इस अनूठे प्रकाशमान घर के कारण एक छोटा-सा अमेरिकी गांव क्रिसमस के अवसर पर चर्चित पर्यटन स्थल बन जाता है। इस गांव की आबादी तो लगभग 4,600 लोगों की है, लेकिन क्रिसमस के दौरान, इस अनोखे घर को देखने यहां 60,000 से अधिक पर्यटक आ जाते हैं।



जी हां, हम बात कर रहे हैं न्यूयॉर्क (अमेरिका) के ग्रामीण इलाके डचेज काउंटी के नियनवाले गांव में रहने वाले दंपति टिमोथी और ग्रेस गे के घर की। नियनवाले गांव के अंधेरे माहौल में उनका यह अनूठा घर दूर से किसी प्रकाश स्तंभ की तरह चमकता हुआ दिखता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि क्रिसमस के मौके पर टिमोथी-ग्रेस गे के इस घर में 7,20,420 बल्ब जलते हैं। ये बल्ब एक साउंड ट्रैक से जुड़े हुए होते हैं, जो करीब ढाई सौ गीतों की धुन पर बार-बार रंग बदलते हैं। इससे जगमगाहट से पूरा माहौल जादुई और बहुत आकर्षक लगता है। यहां एक तालाब भी है, दोनों किनारे पर लगे पेड़ों पर बंधी रस्सी में बड़ा सा ग्लोब, हार्ट, सितारे और इंद्रधनुष लटकाए जाते हैं। ये सभी आकृतियां भी रंग-बिरंगे बल्बों से बनी होती हैं। इनकी छाया जब तालाब के जल में पड़ती है तो देखने वाले को लगता है, मानो वह किसी मायालोक में आ गया है।

**ऐसे हुई सजावट की शुरुआत:** टिमोथी और ग्रेस गे (पति-पत्नी) ने सबसे पहली बार अपने इस घर को वर्ष 1995 में छोटे बल्बों से रोशन किया था। यह मौका था, उनके पहले बच्चे के जन्मोत्सव का। अपनी खुशी का इजहार करने के लिए इस दंपति ने अपने घर को 600 रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया था। कुछ वर्षों बाद अपने शौक को बढ़ाते हुए उन्होंने अपने 1.7 एकड़ में फैले आवासीय परिसर के सामने तालाब के आस-पास मौजूद पेड़ों और झाड़ियां को भी मिनी बल्बों की झालर से सजा दिया।

**बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड:** हर साल घर सजाने के क्रम में वर्ष 2011 में टिमोथी-ग्रेस गे को पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले एक दंपति भी अपने घर को लाइटों से सजाते हैं और उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उस दंपति से टिमोथी और ग्रेस गे सिर्फ कुछ बल्ब कम लगाते थे। यह जानकारी मिलते ही टिमोथी और ग्रेस गे ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने की ठान ली। इस तरह अगले ही साल वर्ष 2012 में उन्होंने यह वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल कर लिया। 2013 में वे पिछड़ गए थे, लेकिन उसके बाद 2014 से अब तक उनका ही नाम गिनीज बुक में दर्ज है। अपने इस अनूठे शौक के कारण इस दंपति की ख्याति राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है। टिमोथी-ग्रेस गे के साथ-साथ उनका गांव भी दुनिया भर में चर्चित हो गया है। *

अमेजिंग

# वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च

क्रिसमस के पर्व पर चर्च को बहुत शानदार तरीके से सजाया जाता है। इस अवसर पर प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशी में चर्च में बड़ी संख्या में लोग जुटकर प्रेयर करते हैं, कैरोल्स गाते हैं और एक-दूसरे को क्रिसमस विश करते हैं।

वैसे तो दुनिया भर में ईसाई धर्म के लोगों के लिए बड़ी संख्या में चर्च मौजूद हैं। लेकिन उनमें से कुछ चर्च अपनी विशिष्ट संरचना के कारण दुनिया भर में चर्चित हैं। इनमें से ही एक वर्ल्ड हाइएस्ट वूडेन चर्च भी है। यह चर्च रोमानिया देश के मारामुरेस काउंटी में सापांता गांव के पास सापांता पेरी मोनेस्ट्री में स्थित है। इस चर्च का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे वूडेन चर्च के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।



इस चर्च की ऊंचाई 78 मीटर यानी करीब 256 फीट है। चर्च की इमारत इतनी ऊंची है कि इसे पांच किलोमीटर की दूरी से देख सकते हैं। चर्च का निर्माण मारामुरेस शैली में हुआ है। चर्च के निर्माण में ऑक वुड (बतूल की लकड़ी) का इस्तेमाल हुआ है। ऑक वुड सबसे मजबूत मानी जाती है और लंबे समय तक टिकी रहती है। सापना पेरी मोनेस्ट्री में बना यह चर्च, वर्तमान में रोमानिया देश में ईसाई धर्मावलंबियों के सबसे लोकप्रिय स्थानों में शामिल है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

फेस्टिवल स्टोरी

योगेश कुमार गोयल



क्रिसमस वाले दिन बच्चों को सांता क्लॉज का खासतौर से इंतजार रहता है। इस दिन वे बच्चों के लिए ढेर सारे उपहार और तरह-तरह के खिलौने लेकर आते हैं। सांता क्लॉज की वास्तविकता से जुड़ी कई कहानियां प्रचलित हैं।

# दयावान-बच्चों के प्यारे सांता क्लॉज

क्रिसमस का नाम सुनते ही बच्चों के मन में सफेद-लंबी दाढ़ी वाले लाल-सफेद रंग की ड्रेस और सिर पर फुनगी वाली टोपी पहने पीठ पर खिलौनों उपहारों का झोला लादे बूढ़े बाबा 'सांता क्लॉज' की तस्वीर उभर आती है। बच्चे प्यार से सांता क्लॉज को 'क्रिसमस फादर' भी कहते हैं। सांता क्लॉज के प्रति ना केवल ईसाई समुदाय के बच्चों का बल्कि दुनिया भर में अन्य समुदायों के बच्चों का आकर्षण भी पिछले कुछ समय में काफी बढ़ा है। इसका एक कारण यही है कि विभिन्न शहरों में 25 दिसंबर के दिन सांता क्लॉज बने व्यक्ति विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर खड़े हर समुदाय के बच्चों को बड़े प्यार से उपहार बांटते देखे जा सकते हैं।



**कौन है सांता क्लॉज :** सांता के बारे में ढेरों कहानियां पढ़-सुनकर अधिकांश बच्चों के दिमाग में यह सवाल जरूर उमड़ता है कि उन्हें उपहार देने और इतना प्यार करने वाला यह सांता क्लॉज आखिर है कौन, यह कहां से आता है और बच्चों को उपहार क्यों देकर जाता है? बच्चों का दिल रखने के लिए कुछ माता-पिता उन्हें कह देते हैं कि वह एक देवदूत है, जो क्रिसमस की रात अपने 8 रेंडियर वाले स्लेज पर बैठकर स्वर्ग से आता है और बच्चों को उपहार बांटकर स्वर्ग वापस चला जाता है। जबकि कुछ बच्चों के पैरेंट्स यह कहकर उनकी जिज्ञासा शांत करते हैं कि सांता क्लॉज, बहुत दूर स्थित एक बर्फीले देश से आता है। वास्तव में सांता क्लॉज, चौथी शताब्दी में मायरा के निकट एक शहर (जो अब तुर्किए के नाम से जाना जाता है) में जन्मे संत निकोलस का ही रूप है।

**संत निकोलस बने सांता क्लॉज :** प्राचीन कथा के अनुसार, संत निकोलस के पिता एक बहुत बड़े व्यापारी थे, जिन्होंने निकोलस को अच्छे संस्कार देते हुए दूसरों के प्रति सदा दयाभाव रखने और जरूरतमंदों की सहायता करने को प्रेरित किया। निकोलस पर इन सब बातों का इतना असर हुआ कि वह हर समय जरूरतमंदों की सहायता करने को तत्पर रहते। बच्चों से तो उन्हें खास लगाव था।

**प्रचलित हैं कई कहानियां :** सांता क्लॉज के बारे में कई अन्य कथाएं भी प्रचलित हैं। कहा जाता है कि एक बार निकोलस को मायरा के एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली, जो बहुत धनवान था लेकिन कुछ समय पहले व्यापार में भारी घाटा हो जाने से वह कंगाल हो चुका था। उस व्यक्ति की चार बेटियां थीं लेकिन उनके विवाह के लिए उसके पास कुछ नहीं बचा था। यहां तक कि उसके परिवार के लिए तो खाने के भी लाले पड़ गए थे। जब उससे अपने परिवार की इतनी बुरी हालत नहीं देखी गई और लड़कियां विवाह योग्य हो गईं तो उसने फैसला किया कि वह इनमें से एक लड़की को बेच देगा और उससे मिले पैसे से अपने परिवार का पालन-पोषण करेगा तथा बाकी बेटियों का विवाह करेगा। अगले दिन अपनी एक बेटी को बेचने का विचार करके वह रात को सो गया लेकिन उसी रात संत निकोलस उसके घर पहुंचे और चुपके से खिड़की में से सोने के सिक्कों से भरा एक थैला घर में डालकर चले गए। सुबह जब उस व्यक्ति ने सोने के सिक्कों से भरा थैला पड़ा देखा तो वह बहुत आश्चर्यचकित हुआ। उसने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए थैला अपने पास रख लिया और एक-एक कर धूमधाम से अपनी चारों बेटियों की शादी की। बाद में उसे पता चला कि यह थैला संत निकोलस ही उसके घर छोड़ गए थे। *



### जुराब टांगने से जुड़ी कहानी

**क्रिसमस** के दिन कई बच्चे रात के समय अपने-अपने घरों के बाहर अपनी जुराबें टांग देते हैं। इसके पीछे मान्यता यह है कि सांता क्लॉज रात के समय आकर उनकी जुराबों में उनके मनपसंद उपहार भर जाएंगे। इस बारे में भी एक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार सांता क्लॉज ने देखा कि कुछ गरीब परिवारों के बच्चे आग पर सेंक कर अपनी जुराबें सुखा रहे हैं। जब बच्चे सो गए तो सांता क्लॉज ने उनकी जुराबों में सोने की मोहरें भर दी और चुपचाप वहां से चले गए।

लघुकथाएं

# गरीब



रेलगाड़ी चल पड़ी थी। सभी यात्री कुछ ना कुछ करने लगे। कोई लेट गया, कोई मोबाइल देखने लगा तो कुछ आपसी गपशप में मशगूल हो गए। तभी दो युवक चना, गजक, रेवड़ी आदि बेचने के लिए आए। कुछ लोग उनसे मोल-भाव कर रहे थे, 'दो रुपए कम कर दो, पांच रुपए कम कर दो।' इस चक्कर में एक बूढ़ी महिला ने अपना सौ का नोट नीचे गिरा दिया। सामान बेचने वाले युवक रुपया उठाकर बूढ़ी महिला को देते हुए बोले, 'अम्मा, अपना पैसा संभाल कर रखो।' बूढ़ी महिला सहित बाकी लोग दोनों युवकों की ईमानदारी देखकर हतप्रभ थे। युवक अपना सामान बेचने के साथ रेलगाड़ी की सीट के नीचे अपनी पैनी नजर भी गड़ाए हुए थे। रेलगाड़ी जब एक स्टेशन पर रुकी तो दोनों युवकों ने सीट के नीचे पड़ा कचरा फटाफट एक थैले में भर लिया। 'ओह, कितने गरीब हैं दोनों। बेचारे कचरा जाकर बेचेंगे। इससे चार पैसों की और कमाई हो जाएगी।' एक यात्री ने दूसरे यात्री से कहा। तभी यात्रियों ने देखा, वे दोनों युवक रेलगाड़ी के डिब्बे से बाहर उतरे और सारा कचरा जाकर उन्होंने एक कूड़ेदान में डाल दिया। गाड़ी में बैठे खिड़की से देख रहे यात्रियों का चेहरा फक रह गया। वे सोच रहे थे, 'ये गरीब युवक तो बेहद समझदार निकले। नासमझ तो हम हैं, जो रेलगाड़ी के डिब्बे में गंदगी फैलाए हुए थे।' *

-हरीशचंद्र पांडे

# गिफ्ट




आज क्रिसमस था। स्कूल में काफी चहल-पहल थी। तरह-तरह की प्रतियोगिताएं हो रही थीं। फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉज बनकर रेड कारपेट पर आते और अपनी झोली से टॉफियां निकालकर दर्शकदीर्घा में बैठे बच्चों की ओर उछाल देते। बच्चे टॉफियां कैच करके गप्प से मुंह में रख लेते। सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिले थे। लेकिन इन बच्चों के बीच बैठी नन्ही नीतू के चेहरे पर उदासी थी। स्कूल प्रिंसिपल की नजरों से वह बची नहीं।

कुछ देर बाद ही बच्चों के बीच में एक बड़ा सांता क्लॉज आया। वह सीधा नीतू के पास गया और बोला, 'हैलो नीतू, अपना गिफ्ट लो!' अपने सामने सांता क्लॉज को देखकर नीतू के चेहरे पर मुस्कान आ गई। लेकिन अगले ही पल नीतू के चेहरे की मुस्कान गायब हो गई। गिफ्ट लेने के लिए उसने बढ़ाए अपने हाथ पीछे कर लिए। यह देख सांता क्लॉज ने प्यार से नीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा, 'नीतू बेटा, यह तुम्हारा ही गिफ्ट है।'

नीतू एकाएक रो पड़ी, बोली, 'नहीं.. नहीं.. मैं यह गिफ्ट नहीं ले सकती। घर पर मेरी मां बीमार हैं। मुझे गिफ्ट नहीं, मां के लिए दवाइयां चाहिए।' सांता क्लॉज बने प्रिंसिपल यह सुनकर मन ही मन बहुत दुखी हो गए। उन्होंने तुरंत जेब से अपना पर्स निकाला और नीतू को पांच-पांच सौ के चार नोट पकड़ा कर बोले, 'ये लो नीतू तुम्हारा नया गिफ्ट। अब जाकर मां के लिए दवाइयां खरीद लेना। हमारी प्रभु से प्रार्थना है, तुम्हारी मां जल्दी ठीक हो जाएं।' नीतू की आंखें खुशी से चमक उठीं। वह स्कूल गेट की ओर भागी ताकि सांता क्लॉज से मिले रुपयों से अपनी मां के लिए दवाएं खरीद सके। वहां बैठे लोग यह दृश्य देखते ही रह गए। *

-भूपसिंह 'भारती'

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता पहला क्लब विश्व कप और 2023 का 5वां खिताब



एजेंसी ▶▶| जेद्दा

**खास बातें**

- फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से दी शिकस्त
- 17 चरण में दिलाई 16वीं ट्रॉफी
- अब तक जीते एफए कप, प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और सुपर कप

मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार रात को यहां क्लब विश्व कप फाइनल में फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 में पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा।

फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट में टीम का तीसरा गोल किया। अल्वारोज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली में डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण में 16वीं ट्राफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है।

## गुआर्डियोला ने तीसरी टीम को दिलाया खिताब

इस जीत से पेप गुआर्डियोला तीन विभिन्न टीमों के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 में बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्रॉफी दिलाई थी। गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधों पर हाथ रखा। फिर वह फेलिपो मेलो के साथ गले मिलते और मुस्कुराते दिखे।

## एस्टन विला और शेफील्ड यूनाईटेड ने 1-1 से ड्रा खेला

**बर्मिंघम।** एस्टन विला ने शुक्रवार को यहां अंत में किए गए गोल की बदौलत इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में शेफील्ड यूनाईटेड से 1-1 से ड्रा खेला। इस नतीजे से एस्टन विला ने लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। मुकाबले के दौरान वीएआर संबंधित कई विवाद हुए। शेफील्ड ने कैमरन आर्चर के 87वें मिनट में किये गोल से 1-0 से बढ़त बनायी। जिसके बाद निकोलो जानियोलो ने 90+7वें मिनट में गोल से एस्टन विला को बराबरी पर ला दिया। एस्टन विला अगर जीत जाता तो तालिका में आर्सेनल से ऊपर शीर्ष पर पहुंच जाता। पर अब वह आर्सेनल से बराबर अंक के बाद दूसरे स्थान पर चल रहा है।

## खबर संक्षेप



### शुक्ला दत्ता बनीं भारत की अंडर-19 कोच

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में होने वाली सैफ चैंपियनशिप से पहले शनिवार को देश की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की कोच नियुक्त किया गया। पूर्व भारतीय अंडर-17 महिला टीम की कोच शुक्ला दत्ता के साथ सभी महिलाओं के सहयोगी स्टाफ में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रद्धांजलि समंतारे और गोलकीपिंग कोच लौरेम्बाम रोनिबाला चानू उनकी सहायक होंगी। भारतीय टीम सैफ चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत अगले महीने गोवा में करेगी।

### ऋतुराज के उंगली में फ्रैक्चर, जाएंगे एनसीए

**मुंबई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे।



हर्षित राणा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले भारत ए की टीम से बाहर हो गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को बताया कि सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ की दाएं हाथ की अनामिका उंगली में फ्रैक्चर है।

### क्वालीफायर प्रतिबद्धता दिखाने का मौका

**रांची।** शीर्ष भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से यहां शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल करने के लिए नहीं है बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है। भारत सहित आठ टीम यहां पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें मेजबानों की भिड़ंत शुरुआती दिन अमेरिका से होगी।

# हरमनप्रीत और स्नेह को दो-दो विकेट ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 46 रन की बढ़त

**भारतीय महिला टीम ने बनाए 406 रन का रिकॉर्ड स्कोर**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीसरे दिन शनिवार को यहां अंतिम क्षणों में दो विकेट लेकर भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त हासिल की थी।

हरमनप्रीत ने ताहलिया मैकग्रा (73 रन) को क्लीन बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को पगबाधा आउट किया। स्टंप उखड़ने के समय एनाबेल सदरलैंड 12 और एशलेग गार्डनर सात रन पर खेल रही थी। तीसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। भारत ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 376 रन से आगे बढ़ाई और उसने आधे घंटे के खेल में ही 30 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। सदरलैंड (दो विकेट) ने भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कल की अविजित बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर (47) और रेणुका सिंह (08) को जबकि किम गार्थ ने दीप्ति शर्मा (78) को आउट किया।



### भारत के नाम दो नए रिकॉर्ड

*भारतीयों खिलाड़ियों ने दो नए रिकॉर्ड बनाए। दीप्ति ने अपनी पारी में 171 गेंद का सामना किया और नौ चौके लगाए। भारत का 406 रन का योग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर है। दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड है।*

### विकेट से नहीं मिली मदद

*विकेट से स्पिनरों को खास मदद नहीं मिल रही थी जिसके कारण भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 ओवर किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी गेंद पर हालांकि हीली को दो जीवनदान मिले थे।*

### पेरी और मैकग्रा ने जोड़े 84 रन

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (33) और फोएबे लीचफील्ड (18) ने सतर्क शुरुआत की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। रिचा घोष ने मूनी को रन आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा (दो विकेट) ने लीचफील्ड को बोल्ड किया जो रिवर्स स्वीप करने से चूक गई थी। एलिस पेरी बड़ी पारी खेलने के मूड में दिख रही थी लेकिन भारतीय विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने राणा की गेंद पर उनका शानदार कैच लेकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पेरी ने 91 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए। उन्होंने मैकग्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की।

## सौरभ एयर पिस्टल ट्रायल्स में जीत की राह पर लौटे



**नई दिल्ली।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सौरभ चौधरी ने राष्ट्रीय चयन निशानेबाजी ट्रायल्स में शनिवार को यहां फाइनल में 244.5 का स्कोर बनाकर पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टी1 का खिताब जीता। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक सौरभ ने क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे सेना के रविंद्र सिंह को आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 0.1 अंक के मामूली अंतर से हराकर लंबे समय बाद जीत की राह पकड़ी। महिलाओं की एयर पिस्टल टी1 में हरियाणा ने क्लीन स्वीप किया। सुरुचि ने दो ओलंपियन यशस्विनी देसवाल और मनु भाकर को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। सुरुचि क्वालिफिकेशन में भी शीर्ष पर रही थी। उन्होंने 579 अंक बनाकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका स्कोर 240.4 रहा। यशस्विनी दूसरे और मनु भाकर तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग के क्वालिफिकेशन में रविंद्र ने 586 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया था। सौरभ ने 581 अंक बनाए और वह सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

**राष्ट्रीय मुक्केबाजी**

## स्वीटी और पूजा रानी ने प्री क्वार्टर में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

अनुभवी मुक्केबाज स्वीटी बूरा और पूजा रानी ने महिलाओं की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी (81 किग्रा) ने जहां रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की अल्फिया पर 4-1 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की वहीं एशियाई चैंपियनशिप में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता पूजा ने 75 किग्रा भार वर्ग में नागालैंड की रेनू को आसानी से 5-0 से हराया।



स्वीटी और पूजा के अलावा हरियाणा की जिन अन्य मुक्केबाजों ने अंतिम 16 में जगह बनाई उनमें 2022 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मनीषा मौन (60 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) शामिल हैं। इस बीच आरएसपीबी की नूपुर ने 81 किग्रा से अधिक भार वर्ग में दिल्ली की हिमांशी अंतिल के खिलाफ आक्रामक करवाया अपनाया। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोककर नूपुर को विजेता घोषित किया। अपराजिता मणि (57 किग्रा) और रिंकी शर्मा (63 किग्रा) ने क्रमशः महाराष्ट्र की आर्या बारटाके (5-2) और तमिलनाडु की वी मोनिशा (5-0) को हराया, जबकि रेखा (66 किग्रा) और दीपिका (75 किग्रा) ने तेलंगाना की पूजा बिस्वास और ओडिशा की सुनीता जेना के खिलाफ आरएससी से जीत दर्ज की।

## विकेटकीपिंग, प्रसिद्ध मुकेश के बीच आदर्श विकल्प बना संशय



**सेंचुरियन।** हालात के अनुसार सर्वश्रेष्ठ संयोजन हमेशा टीम की सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं होती जिससे 'बॉक्सिंग डे' पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए सही संयोजन ढूंढना भारत के लिए निश्चित रूप से मुश्किल भरा काम होगा। कम से कम दो स्थान ऐसे होंगे जिसके लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को परेशानी होगी। सबसे मुश्किल भरा मुद्दा भारत के लिए यह होगा कि केएल राहुल को बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए विकेटकीपिंग करने को कहा जाएगा। इसके अलावा सबसे पेचीदा मुद्दा मुकेश कुमार और प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को चुनने का होगा जो टखने की चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी की जगह लेंगे। देखा जाए तो कुछ फैसले सीधे लग सकते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चीजें उतनी आसान नहीं होगी।

# बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पहली बार उसके घर में 9 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| नेपियर

बांग्लादेश को शनिवार को यहां तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराने के लिए महज 15 ओवर लगे जिससे मेजबान टीम की घरेलू मैदान पर 17 मैचों में चली आ रही जीत की लय टूट गई। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 44 रन और दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की थी।



न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर में महज 98 रन पर समेटने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंद में नाबाद 51 रन बनाए और अनामुल हक ने 33 गेंद में 37 रन का योगदान दिया जिससे बांग्लादेश ने 19 प्रयासों में न्यूजीलैंड पर वनडे में पहली जीत हासिल की। बांग्लादेश ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दोनों टीमों के बीच हुए वनडे में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। तंजिम हसन साकिब ने 14 रन देकर तीन विकेट और शोरिफुल इस्लाम ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। सौम्य सरकार ने भी 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### भारत की अंडर-19 टीम खेलेगी त्रिकोणीय श्रृंखला

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप से पहले जोहानिसबर्ग में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बयान के अनुसार त्रिकोणीय श्रृंखला जोहानिसबर्ग में खेली जायेगी जिसमें प्रत्येक टीम एक दूसरे से दो बार आमने सामने होगी। भारत की अंडर-19 टीम अपना अभियान 29 दिसंबर को अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरु करेगी और फिर दो जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी को खेला जाएगा। अंडर-19 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन में 19 जनवरी से शुरू होगा। भारत को ग्रुप ए में बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है और टीम अपना अभियान 20 जनवरी को बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगी।




## भारतीय डेविस कप टीम को जाना होगा पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ पंचाट ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जाएगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगी। भारत की डेविस कप टीम ने पिछली बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था जब उसने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने एजेंसी से आईटीएफ से उनकी अपील खारिज होने की पुष्टि की।*

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंढरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

अतः बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, अंकित धनराशि को संबंधित कर्जदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले कर्जदार / जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित कर्जदारों / जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रोहिणीपुरम गोल चौक शाखा,रायपुर 9109993952 | मेसर्स अनिका एसोसिएट्स (उधारकर्ता) प्रोप.- श्री राम किशोर मोदी, पता- पहली मंजिल, ब्लॉक नं. 01, सिंगापुर सिटी, कोटा, रायपुर, छ.ग.- 492010 और श्री चंद्र मणि पांडे पिता श्री श्याम शंकर पांडे (जमानतदार) पता - 692, संजय नगर, कुम्हारी, वार्ड नं. - 6, धमधा, दुर्ग, छ.ग. - 490042 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल साम्यिक बंधक व्यावसायिक संपत्ति से संबंधित हाल नं.-1, द्वितीय तल, खसरा नं.- 613/29, 613/56, 613/90 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कंचन गंगा कॉम्प्लेक्स के सामने, कबीर नगर, प.ह.नं.- 107, रायपुर, जिला- रायपुर, छ.ग., क्षेत्रफल- 1732 वर्गफीट है जो श्री चंद्रमणि पांडे के नाम पर है। सीमाएं: उत्तर - अंकित हाल नं.- 09, दक्षिण - रोड, पूर्व - गली, पश्चिम - रोड | 31.08.2023 रु. 56,52,788.31 + ब्याज + अन्य प्रभार 19.12.2023 सांकेतिक कब्जा |
| 02 | रोहिणीपुरम गोल चौक शाखा,रायपुर 9109993952 | श्री राहुल कर्मकार पिता श्री रंजीत कर्मकार (उधारकर्ता) पता- एल आई जी -1981, हीरापुर, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, जिला-रायपुर और श्री कमलेश साहू पिता श्री माधो राव साहू (जमानतदार), पता- शिव पार्क कॉलोनी, बगल में बटालियन पेट्रोल पम्प, अमलेश्वर, तहसील - पाटन, पोस्ट- सांकरा, जिला- दुर्ग- 491001. | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित ईडब्ल्यूएस-जनता-1954, खसरा नं.-475/1 (भाग), स्लाइस - 3, वीर सावरकर नगर वार्ड नं. -1, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हीरापुर, प.ह.नं. - 103/35, रायपुर- 1, तहसील एवं जिला - रायपुर, क्षेत्रफल - 365.84 वर्गफीट. सीमाएं: उत्तर - ईडब्ल्यूएस/प्लाट-1953, दक्षिण - रोड, पूर्व - ईडब्ल्यूएस/प्लाट-1955, पश्चिम - प्राईवेट भूमि. | 27.12.2022 रु.13,21,162.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 19.12.2023 सांकेतिक कब्जा |
| 03 | रोहिणीपुरम गोल चौक शाखा,रायपुर 9109993952 | मेसर्स रुनझुन द कम्प्लीट शॉप (उधारकर्ता) प्रोप. - श्रीमती सुनीता गिरपुंजे पति श्री नरेंद्र गिरपुंजे और श्री नरेंद्र गिरपुंजे पिता स्वर्गीय श्री लक्ष्मणराव गिरपुंजे (जमानतदार) दोनों निवासी- मकान संख्या - 66/332, पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक - 66, सुन्दर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित मकान नं.- 66/332, खसरा नं. - 1175/147, प.ह.नं. - 106 ए/62, पंडित सुंदर लाल शर्मा वार्ड नं.- 66, सुंदर नगर, रायपुर, छ.ग., कुल क्षेत्रफल - 1050 वर्गफीट. सीमाएं : उत्तर - मोनीश नायडू का मकान, दक्षिण - हरवंश पांडे का मकान, पूर्व - मुकेश शर्मा का मकान, पश्चिम - रोड. | 18.01.2023 रु.53,99,205.97 + ब्याज + अन्य प्रभार 19.12.2023 सांकेतिक कब्जा |

अतः एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम कर्जदारों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।
दिनांक:24.12.2023, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# कोर्ट ने अप्राकृतिक कृत्य मामले में पति को 9 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पति, ससुर, सास और ननंद को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पति को अप्राकृतिक कृत्य करने व प्रताड़ित करने पर 9 साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी गई है।

पति निमिष अग्रवाल को अपनी पत्नी के अप्राकृतिक कृत्य के आरोप में धारा 377 के अधीन यह सजा सुनाई गई। दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी की कोर्ट ने यह फैसला दिया। पीड़िता के ससुर सुनील अग्रवाल एवं सास रेखा अग्रवाल को धारा 498 ए, 323 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत 10 -10 माह के साधारण कारावास,1-1 हजार रुपए अर्थ दंड, पीड़िता की ननंद नेहा अग्रवाल को 6 माह का कारावास एवं 1000 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोंगरी ने पैरवी की थी। पीड़िता का विवाह 16 जनवरी 2007 को नेहरू नगर भिलाई निवासी आरोपी निमिष अग्रवाल के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के पूर्व पीड़िता की सास रेखा अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल के द्वारा पीड़िता के मायके वालों पर दबाव बनाया गया कि उसके ससुराल वालों का बड़े-बड़े लोगों के साथ उठना बैठना इसलिए शादी में वे लोग अच्छे से अच्छा इंतजाम करें। तब पीड़िता ने अपने पिता से बोलकर ससुराल वालों की कंपनी के बैंक खाते में लगभग ढ़ाई करोड़ रुपए ट्रांसफर करवाए थे। उसके बाद भी ससुराल वाले दहेज की लालच में आकर उसे बीएमडब्ल्यू कार अपने पिता से मांगने के लिए दबाव देने लगे। जब पीढ़िता इसके लिए तैयार नहीं हुई तो ससुराल वाले उसे गाली गलौज देकर अपशब्द बोलते थे, वही उसका पति निमिष अग्रवाल पीड़िता के साथ अप्राकृतिक कृत्य करता था।



### पिता ने कहा बच्चों को प्रताड़ित करने की सजा

पीड़िता के पिता विजय अग्रवाल के द्वारा यह कहा गया कि पिछले आठ वर्षों से जेल से कम की सजा नहीं पा रहा हूं। जब मेरी बेटी और बेटी की बेटी तीन साल की थी तब प्रताड़ना सहकर मेरे घर आई थी। उस दिन से आज तक मैं तकलीफ में ही रहा हूं। आज उन्हें अगर उनके कर्मों की सजा मिली है। उसका पश्चाताप मेरी बेटी के ससुराल वालों करना है। मैं यह मानता हूं कि मेरे बच्चों को प्रताड़ित करने की वजह से मेरी बेटी की ससुराल वालों को यह सजा मिली।

# अनोखा पक्षी, हवा में झंडे की तरह पंखों को है लहराता

नई दिल्ली। प्रकृति में हर जीव के पास कोई न कोई यूनिक खूबी जरूर होती है, जो उसे अन्य से अलग बनाती है। ऐसा ही एक पक्षी है स्टैंडर्ड-विंग्ड नाइटजर। इसे दुनिया का सबसे अनोखा पक्षी कहें तो गलत नहीं होगा, क्योंकि उसके पास ऐसे पंख होते हैं, जो अन्य किसी बर्ड के पास नहीं होते हैं। जब ये पक्षी उड़ता है, तो अपने बड़े पंखों को हवा में खड़े कर लेता है, मानो यह हवा में झंडा लहरा रहा हो।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

कब्ज का काल कब्जनाल
आप ने बहुत से कब्जीयत की दवा ली परंतु बात नहीं बनी स्नेह कब्जनाल चूर्ण के पहले खुराक से पेट खुश तो आप भी खुश पेट के संपूर्ण रोगों के लिए आर्शीवाद यह नये-पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर आँतों को साफ रखता है। बवासीर को ठीक करता है।
पेशाब से जाने वाले चिपचिपे पदार्थ को तुरंत रोकता है।
सभी मेडिकल व जनरल स्टोर में उपलब्ध एक बार अवश्य प्रयोग करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें Mob.: 93032-42200

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय इलाज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

खूनी हो या बादी बवासीर से आज़ादी
एंग्रो अर्श कल्याण कैप्सूल
अब जियो खुलकर और पाओ
आपरेशन-दर्द से मुक्ति व कब्ज से राहत, खुशियों की शुरुआत।
घर बैठे आयुर्वेदिक उपचार।
सुरक्षित समाधान और राहत का भरोसा।
20 सालों से भरोसेमंद औषधि।
SHOP NOW
Helpline No. 8899 500 500

Dr. Juneja's ACCUMASS वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स
24x7 Helpline: 85568 09999

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
असहनीय दर्द
घुटनों का दर्द, कमर दर्द, पीठ दर्द, मांसपेशियों का अकड़ना, मोच जैसी तकलीफों को जड़ से दूर करने में उपयोगी।
चिपचिपाहट व दाग रहित
100% आयुर्वेदिक
रूमा ऑईल गन्धापुरी तैल युक्त
बाह्योपचार के लिए
वैद्यकिय सलाह : 844 844 495 | www.baidyanath.co

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
सभी जटिल कैंसर सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी, हेतु कुशल टीम
डॉ. यूसुफ़ मेमन, डॉ. अर्पण चतुर्मोहता, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. कल्याण पांडेय, डॉ. रूद्र प्रताप सिंह
दाउदा कॉलोनी, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) 7389905010, 07714081010, 4061010, 7389904010

आयुष्मान कार्ड से कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं सर्जरी की सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल कैंसर विभाग
भिलाईः सूर्या मॉल के पास, फोनः 77228 80844, 0788 2294440
रायपुरः अवंति बाई चौक, पंडरी, फोनः 93430 79151, 91313 99570
• कैंसर सर्जरी • कीमोथेरेपी • रेडियोथेरेपी
द्वारा अनुबंधित ESIC RAILWAY SECL CGHS TPA

निःसंतान दंपतियों के लिए संतान सुख का सुनहरा मौका
आपके शहर में वरिष्ठ निःसंतानता विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी MBBS,MD (Obs&Gynae) वरिष्ठ निःसंतानता विशेषज्ञ
वरिष्ठ निःसंतानता एवं महिला रोग विशेषज्ञ
•आई.यू.आई. (Intra uterine insemination)
•आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी गर्भाधान)
पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्कः- 0771-2285999, 8839800123
CSEB,CISF,CRPF,CGHS,ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

MARUTI SUZUKI ARENA
इस क्रिसमस, चुनें अपने लिए एक शानदार नई सवारी!
मारुति सुज़ुकी एरीना पर आज ही हमारे बेमिसाल ऑफ़र्स का आनंद उठाएं!
महा बचत
ALTO K10 ₹64 000* WAGONR ₹64 000* S-PRESSO ₹64 000* CELERIO ₹59 000* SWIFT ₹59 000*
7 DAYS TO GO
OFFER VALID TILL STOCK LASTS.
100%** ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10 S-PRESSO SWIFT WAGONR CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.

SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.

SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH- 8839811678.

VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.

HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.

CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029

*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer, 2 ka 4 wheeler offer and Gold voucher (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. **Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. 100% on-road funding is provided by select financiers only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. The price given in the ad is based on Raipur prices and are subject to vary based on the dealer city. Above offers are valid till 31ST December 2023.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com